खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, सोमवार 22 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 171 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाहनों में जातीय महिमामंडन के चिह्न हटें, स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठः हाईकोर्ट पेज 2



मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे खेल टाइम्स




क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा! सम्पादकीय



ब्रिटेन-कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को दी देश की मान्यता पेज 12

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार ( ब्यूरो )।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया। मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है। इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है। हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स अकाउंट हुआ हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।

### हेयर ऑयल, साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल व टेबलवेयर पर जीएसटी घटकर 5 % हुआ

# बदला GST का गणित, 8 साल बाद बड़ा फेरबदल

## नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर होगा शुरूः प्रधानमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही

**प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन**

जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की।

उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से सोमवार से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया, तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन-वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा। सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।



**करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी, जिससे वे पसंद की वस्तुएं खरीद सकेंगे, 99 प्रतिशत चीजें सस्तीः मोदी**

### आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितम्बर (आज) से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

## जीएसटी की नई दरें आज से होंगी लागू, सामान सस्ते होंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पनीर से लेकर कार तक, टूथपेस्ट से लेकर दवाइयों तक आम लोगों के इस्तेमाल की लगभग सभी चीजें सोमवार (आज) से सस्ती हो जाएंगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी परिषद ने अधिकतर वस्तुओं पर करों की दर पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बचत होगी और वे या तो इस पैसे को बैंकों को जमा करेंगे, निवेश करेंगे या अन्य वस्तुओं पर खर्च करेंगे। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर के अपने फैसले में मुख्य स्लैबों की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है। इसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने के बाद अब सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इसके अलावा खाने पीने की ज्यादातर चीजों पर

**पनीर, घी, शैंपू के साथ कार व एसी की कीमतें घटीं**

शून्य कर लगेगा, जबकि कुछ लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। अब अल्ट्रा हाई टेंपरेचर (टेट्रा पैक) दूध, छेना, पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। सभी देशी रोटियों (चपाती, परांठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर हो गया है। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा को भी कर मुक्त कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

## आठ साल तक वसूली करने वाली सरकार जनता से माफी मांगेः खड़गे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खड़गे ने आठ साल

**कहाः मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स लगाकर 55 लाख करोड़ से अधिक वसूले**

तक जीएसटी से वसूली के बाद नए सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर - सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए।


## महाराष्ट्र के गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

**नागपुर, वार्ता**

**महाराष्ट्र में** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी।

आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप

**आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगीः विहिप**



ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है, ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिये हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा कि आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा। बावनकुले ने कहा कि हर आयोजन समिति कुछ नियम तय करती है और उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। जब तक उनके पास आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति है, तब तक कोई समस्या नहीं है।

### मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवार्ड का ऐलान हो गया है। साल 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कम्प्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में मंजिल विरिंजा पूक्कल से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है।

## भीड़ पर कंट्रोलः सोशल मीडिया से सड़क तक तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने भीड़ पर नियंत्रण के नए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इनका फोकस विरोध प्रदर्शनों और बड़े आयोजनों पर है। इसमें कुम्भ जैसे मेले, खेल स्टेडियम, धार्मिक प्रोग्राम और बाबाओं के प्रवचन आदि शामिल हैं।

सांप्रदायिक दंगे, छात्र आंदोलनों और सोशल मीडिया से संचालित जनाक्रोश भी इसके दायरे में हैं। गृह मंत्रालय ने यह गाइडलाइन नई परिस्थितियों को देखकर बनाई है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से

**गृह मंत्रालय ने बनाई गाइडलाइन, भीड़ को रोकने, बांटने और घेरने के तरीके बताए**

फैलती हैं। भीड़ की नई मानसिकता पर रिसर्च किया गया है। इसी आधार पर 'क्राउड कंट्रोल एंड मास गैदरिंग मैनेजमेंट' दिशानिर्देश बने हैं। ये मानक इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के बहकावे में अचानक प्रदर्शन भड़कते हैं। भारत के तीन पड़ोसी देशों (नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका) में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

## नया H-1B वीजा शुल्क केवल नए आवेदकों पर होगा लागूः अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा,



नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं।एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुनः प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यतः करते आए हैं। यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों

**एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा**

को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है।

## सियासी मंदिरों में मत्था टेकने का मौसम शुरू

**लखनऊ से तौसीफ़ कुरैशी**

**लखनऊ।** वैसे तो 2027 अभी बहुत दूर है लेकिन सियासत के सरताज क्षेत्रीय छत्रप अपने सियासी आकाओं के दर पर मत्था टेकने का काम शुरू कर चुके हैं। लखनऊ की सियासी गलियां सियासत के मंदिरों में ऐसे सियासी सरताजों के मत्था टेकने की गवाही दे रही हैं।

यूपी की सियासत में बड़े पैमाने पर शह और मात का खेल चल रहा है। सत्ता पक्ष का ये प्रयास है कि विपक्ष को किसी भी सूरत में सत्ता के करीब नहीं आने देना है और विपक्ष की तमाम कोशिश है कि सत्ता पक्ष हर कीमत पर सत्ता से बेदखल हो जाए। इसी शह और मात को धार देने में हर दिन रणनीति बनाते दिख रही हैं। 2027 के इस सियासी संग्राम में किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यही जोरआजमाइश होनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी चुनाव बहुत दूर है, लेकिन फिर भी सियासत के लंबरदार अपने-अपने सियासी मुख्यालयों पर अपने सियासी आकाओं के साथ कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहे हैं। जननायक राहुल गांधी के कंधे पर सवार होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में 37 लोकसभा की सीटें जीतने वाली सपा कंपनी के सीईओ का नजरिया अभी से ही यह दर्शा रहा है कि जैसे उन्होंने मान लिया है कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे हैं। ऐसी ही गलती उन्होंने 2022 में भी की थी, जिसका परिणाम सबने देखा, ऐसा

**यूपी में 2027 के लिए जोरआजमाइश शुरू**

ही नजरिया वह अब भी दर्शा रहे हैं, जबकि भाजपा को कमजोर मानना बबुआ की सबसे बड़ी भूल होगी, लेकिन ऐसा वह करते दिख रहे हैं, तो इसमें क्या कहा जा सकता है। वैसे सपा के मालिक हर रोज अपने क्षेत्रीय छत्रपों से बात कर फीडबैक ले रहे हैं और छत्रप भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा रहे हैं क्या होगा और क्या नहीं होगा। यह कहना अभी उचित नहीं है, लेकिन जो सियासी समीकरण बनते दिख रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सपा कंपनी का इस बात पर जोर है कि क्षेत्र में गुटबाजी कम से कम हो और प्रत्याशी चयन ठीक से हो जाए, उसके लिए सपा के मालिक के द्वारा जो फॉर्मूला अपनाया जा रहा है अगर उसी फॉर्मूले पर टिकटों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सियासी शेर की आजादी से पहले दहाड़ होने लगी महसूस!

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में अहम किरदार रखने वाले पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता आजम खां सिर्फ़ जाति से ही खान साहब नहीं है सियासत में भी खान साहब ही हैं। बात हम कर रहे हैं मोहम्मद आज़म खां की। सुना है कि वह जल्द ही जेल की सलाखों से बाहर आ सकते हैं। जब खान साहब अपने विरोधियों के कानूनी शिकंजे से आजाद हो जाएंगे, तो फिर शांत पड़ी यूपी की सियासत भी उछाले ना ले ये हो ही नहीं सकता है। वैसा ही हो भी रहा है, कहीं मंथन है, तो कहीं चिंतन है। इस बात के कयास लगाए जाने लगे हैं क्या जिनके सियासी षड्यंत्रों का शिकार हुए हैं। सियासत के खां साहब द्वारा उनसे सियासी बदला लिया जाएगा या नहीं और सियासत में ऐसा हो नहीं सकता कि सियासी शेर आजाद होने पर दहाड़ ना लगाए, उसी दहाड़ की दहशत महसूस की जा रही है और कहीं उनकी सियासी दहाड़ का लाभ होने की खुशी भी महसूस हो रही है। उनके अगले सियासी क़दम को लेकर अटकलें लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रावण खुश मौलाना बेचैन बबुआ उलझन में।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरी अनुसंधान केंद्र के विरोध में बीएचयू के प्रोफेसर धरने पर

**वाराणसी।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी मथुरा में बकरी अनुसंधान केंद्र को बंद करने की मांग को लेकर रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील कुमार गुरुधाम चौराहे पर धरने पर बैठ गए। डा. सुनील कुमार ने कहा कि मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की नगरी है, जहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने दावा किया कि पवित्र नगरी में बकरी अनुसंधान केंद्र खोलने से नकारात्मक ऊर्जा फैलेगी। सनातन संस्कृति में बकरी को नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि मथुरा की धरती गोपाल लीलाओं के लिए विख्यात है, जबकि बकरी को रक्तबीज के रूप में देखा जाता है। अनुसंधान केंद्र में प्रजनन जैसे कार्यों से नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। डा. कुमार ने मांग की कि मथुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को अनुसंधान के नाम पर खराब न किया जाए।

### नवरात्रि से पहले करीब 10,000 तीर्थयात्री वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा आधार शिविर से यात्रा फिर से शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 भक्तों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह यात्रा 18 सितम्बर सुबह फिर से शुरू हुई थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसी दिन स्थगित कर दी गई थी। एक दिन स्थगित रहने के बाद 19 सितम्बर को यात्रा फिर से शुरू हुई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 2,000-2,500 तीर्थयात्री प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करते हैं।

### नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन के शुभारंभ पर बोले योगी

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोजगार का सृजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि नए रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने



■ ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। यह घोषणा तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितम्बर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पर भी मिलेंगे। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया।

### हमें फिर से विभाजित नहीं होना: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान 'विकसित भारत' के लिए 'पंच प्रण' अपनाने का आह्वान किया, साथ ही कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण करना होगा। सीएम ने कहा कि यह देश विभाजित था, इसलिए गुलाम हुआ। हमें फिर से विभाजित नहीं होना है।

विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए पंच प्रण लेना होगा। यह पंच प्रण गुलामी की मानसिकता को खत्म करना, अपनी विरासत को बचाना, 140 करोड़ भारतीयों में एकता, अपनी सेना पर गर्व करना और अपने अंदर की हीन भावना का त्याग करना है। मंच से सीएम योगी ने कहा कि हमें शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या सुझाव हो सकते हैं, उसे साझा करना होगा। हमें पिछले 5 वर्षों में क्या था, अगले 5 वर्षों में क्या हो सकता है, उसके 10 वर्ष आगे और क्या हो सकता है, उसे देखकर कार्य करना होग। हमें कैसे विकसित भारत की आधारशिला तैयार करनी है, उसे ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी भूमिका के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाना है। मेरा यह मानना है कि सब कार्य संभव हो सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में नेक्स्ट टारगेट तय किया है कि हम 2029-30 में 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेंगे।

# वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिन्ह हटें: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि



■ स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ

जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फार्म से अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं।

# नेहा राठौर को राहत नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट की लखनऊ पीठ ने नेहा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार चुनाव और हिंदू-मुस्लिम राजनीति से जुड़े अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आग्रह किया था।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने नेहा सिंह राठौर को 26 सितम्बर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में संज्ञेय अपराध दर्शाते हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जानी उचित है। अदालत ने कहा कि उनके ट्वीट्स का समय बेहद अहम है, क्योंकि वे पहलगाम हमले के तुरंत बाद पोस्ट किए गए थे। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है, जो एफआईआर के तहत लंबित है। वह जांच में सहयोग करने के लिए 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करती रहें। नेहा सिंह राठौर के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में अप्रैल में एफआईआर दर्ज हुई थी। उन पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ, जब उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी बिहार आए, ताकि पाकिस्तान को धमका सकें।

■ अपमानजनक टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

### योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां: संजय सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौकरियों में एक खास जाति को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है। वह इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं। सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली है। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी मारत माता की जय के नारे लगाता हूं और भाजपा वाले भी।

# भाजपा राज में विदेश नीति का अकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 88 लाख) कर दिया है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद से ही आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा के राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। यादव ने रविवार को एक्स पर लिखा- भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। भाजपा सरकार न मनचाहे टैरिफ़ से बचा पा रही है और



■ आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों में अफरा-तफरी का माहौल

न मनमानी वीजा फीस से। न पड़ोसी देशों से संबंधों को और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। न प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से। न विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से, न आंतकवाद पर किसी देश को साथ ला पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है। झूठी निकली हर बतिया, हुआ वीजा लखटकिया। गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव इन दिनों आक्रामक मुद्रा अपनाए हुए हैं। अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस व सोशल मीडिया के जरिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलने का कोई मौका नही चूक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी की तरह कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है। युवाओं को नौकरियों के बदले लाठियां खानी पड़ी रही है, तो वहीं भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान है।



**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20



**सोना रु.** 110420
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 130050
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा वीजा शुल्क का दबाव

### निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में तीन सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में एच-1बी वीजा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का असर दिखाई देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एच.1बी वीजा शुल्क में कई गुना वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर कर दिया है। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इसी सिलसिले में सोमवार को अमेरिका जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में आईटी कंपनियों पर वीजा शुल्क का दबाव रह सकता है। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 721.53 अंक (0.88 प्रतिशत) की बढ़त में 82,626.23 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 213.05 अंक यानी 0.85 अंक की साप्ताहिक तेजी में सप्ताहांत पर 25,327.05 अंक पर बंद हुआ।



मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास जताया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.24 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 2.86 प्रतिशत की तेजी रही। संसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 4.73 प्रतिशत और इटरनल का 4.70 प्रतिशत चढ़ गया। मारुति सुजुकी में 3.56 फीसदी, भारती एयरटेल में 3.06 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.95 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.77 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 2.69 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 2.52 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.46, बीईएल का 2.42 और एनटीपीसी का 2.11 प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा का शेयर 1.86 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.19 प्रतिशत, टीसीएस का 1.14 और टाटा स्टील का एक प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। नुकसान उठाने वालों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.92 फीसदी लुढ़का। एशियन पेंट्स में 2.34 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.07, बजाज फाइनेंस में 1.02 फीसदी और टाटा मोटर्स में 0.97 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 0.96 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईटीसी दोनों का 0.83 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 0.71 फीसदी और पावर ग्रिड का 0.40 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

### आज सोना और चांदी के भाव मात्र दस रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** देशभर में रविवार को पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में आज शांति दिख रही है। जिसके बाद सोना 10 रुपए महंगा हुआ है., वहीं चांदी 10 रुपए महंगी हुई है.। इसी बीच आज येलो मेटल कहे जाने वाले सोने के शुरुआती कारोबार में 110420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है, जबकि चांदी का भाव 130,050 रुपए प्रति 1 किलो रहा।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। सोने की कीमतों में आए बदलाव पर नजर डालें, तो पांच कारोबारी दिनों में 10 ग्राम 24 कैरेट 500 रुपये के आस-पास महंगा हुआ है, लेकिन फिर भी ये अपने हाई से नीचे है। वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी की बात करें, तो इसके प्रति किलो भाव में 1258 रुपये का उछाल आया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़, चीनी भी नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमत भी बढ़ गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी में मंदी रही। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,842.74 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं चार रुपए महंगा होकर 2,863.02 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 11 रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,323.62 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 41 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में 105 रुपए और पाम ऑयल में 35 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सूरजमखी तेल 41 रुपए और सोया तेल 38 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 46 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, तुअर दाल 12 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल



सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए, वहीं चीनी में 13 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7838.89 रुपए, मसूर काली 8106.87 रुपए, मूंग दाल 10131.59 रुपए, उड़द दाल 10463.79 रुपए, अरहर दाल 10559.70 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.02 रुपए और चावल 3842.74 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5016.48 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सियासी मंदिरों में....**

वितरण किया गया, तो शायद परिणाम बेहतर रहे। सत्ता मिलेगी या नहीं मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तेजी से काम करती दिख रही है। जैसे वह खुली बैठक में प्रत्याशी को लेकर एक राय बनाने की कोशिश करती दिख रही है। घोषणापत्र में क्या-क्या मुद्दे शामिल किया जाएं, क्षेत्रीय मुद्दे भी शामिल हो इस पर भी काम किया जा रहा है। ये फॉर्मूला सही तरीके से जमीन पर उतर जाने पर परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं और भाजपा को 2027 में विपक्ष की तरफ से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे देखा जाए, तो विपक्ष के सामने एक संकट भी मुंह बाए खड़ा है। सभी दलों में गठबंधन कैसे होगा, 2024 के हालात अलग थे, जब केंद्र सरकार बनने का मामला था। सपा के मालिक पर यह दबाव नहीं था कि उसको सरकार बनानी है, लेकिन 2027 राज्य में सरकार बनाने का मामला है। सपा कंपनी के द्वारा जरा सी चूक सपा को सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है।इस लिए बहुत समझदारी से सबको साथ लेकर चलना होगा। विपक्ष के सामने सबसे बड़ी समस्या सरकारी मशीनरी भी है, जो भाजपा से लगाव रखती है। ऐसा विपक्ष मानता है उससे कैसे निपटा जाए। इसके लिए भी रणनीति बनानी होगी। विपक्ष को सत्ता के चक्रव्यूह से बचने के लिए सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने होंगे। जैसे समय रहते प्रत्याशियों का चयन करें, जिससे प्रत्याशी को अपनी पकड़ अंदर तक बनाने का उसे मौका मिले और प्रत्याशी चयन में इस बात का ख्याल रखा जाए कि प्रत्याशी गैरवाजिब न हो और जातीय समीकरण पर खास तौर से जोर दिया जाए।

### आज से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सस्ता मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें रविवार को रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। इसके साथ ही नवरात्र के पहले दिन यानि 22 सितंबर से इसका फायदा मिलने लगेगा।

जीएसटी घटने से कई उत्पादों के दाम घट जाएंगे। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने बोतलबंद पेयजल ब्रांड रेल नीर की कीमत में एक रुपये की कमी की है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इस बारे में रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रेल नीर की सभी बोतलों में एक रुपये की कटौती की गई है। सभी जोनल रेलवे व भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को संबोधित परिपत्र में कहा गया है कि बोतलबंद पेयजल रेल नीर की अधिकतम खुदरा कीमत में संशोधन किया गया है।

# नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम: कैट

**नई दिल्ली, वार्ता**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं।

ये सुधार स्वतंत्र भारत के सबसे क्रांतिकारी कर सुधारों में से एक हैं, जिनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सशक्त करना, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में अग्रसर करना है। इन सुधारों से जहां देश के व्यापारी वर्ग को लाभ होगा, वहीं उपभोक्ताओं की बड़ी बचत भी होगी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इन सुधारों के तहत करीब 400 वस्तुओं को 12 एवं 18 प्रतिशत के कर स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है, वहीं 28 प्रतिशत के कर स्लैब को खत्म कर अधिकांश वस्तुओं को 18 प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस साहसिक निर्णय से 15 से 20 प्रतिशत तक कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा निश्चित तौर पर वस्तुओं का उपभोग भी बढ़ेगा जिससे व्यापार में भी बड़ी वृद्धि होगी।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी से बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,18,328 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य तीन के एमकैप में 22,095 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 35,953 करोड़ रुपए बढ़ा। इसके शेयर में 4-73 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई थी। भारती एयरटेल का एमकैप 33,215 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 17,389 करोड़ रुपए और टीसीएस का 12,952 करोड़ रुपए बढ़ गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेमिनार 'संकल्प'

## विजन 2030 की ओर टीम अनस्टॉपेबल्स के साथ कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 ने अपना प्रमुख लर्निंग सेमिनार संकल्प आयोजित किया। यह सेमिनार 'टीम अनस्टॉपेबल्स 2026-27' की शुरुआत और विजन 2030 के विमोचन के लिए मंच बना। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट डा रीता कालरा मौजूद रहीं। उत्साह और भागीदारी से भरे इस सेमिनार ने नेतृत्व विकास, रणनीतिक योजना और संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और ईश्वर का आशीर्वाद लेकर हुई। मुख्य वक्ता विवेक अत्रेय (पूर्व आईएएस अधिकारी और मोटिवेशनल स्पीकर) और डा बलराम गुप्ता (वरिष्ठ न्यायविद व शिक्षाविद) ने गहन विचारों और व्यावहारिक सुझावों से श्रोताओं को प्रभावित किया। उनकी प्रेरक बातों ने संवाद, चिंतन और सक्रिय भागीदारी का माहौल बनाया। विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं और शिक्षकों ने क्लब विकास और रोटरी नेतृत्व के लिए उपयोगी रणनीतियाँ साझा कीं। प्रतिभागियों ने बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए सकारात्मक बदलाव के बीज बोने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का बड़ा आकर्षण था संकल्प गाइडबुक का विमोचन, जिसे बीएलआर ने तैयार किया। यह रोटेरियनों के लिए सीखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। साथ ही परिचय ई-बुक का लोकार्पण भी हुआ, जिसे डीजीएन एमपी गुप्ता (डिस्ट्रिक्ट एडिटर) ने संपादित किया है। इसमें पूरे जिले से सेवा और प्रेरणा की कहानियाँ संकलित की गईं। इस मौके पर डा रीता कालरा ने दर्शकों का उत्साहपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और संकल्प को रोटरी वर्ष की शानदार शुरुआत बताया। अंत में कार्यक्रम ऊर्जा, साझा उद्देश्य और करुणा से भरकर समाप्त हुआ। सभी ने दृढ़ निश्चय किया कि वे भावना और संकल्प के साथ समाज पर असरदार कार्य करेंगे।




# रामबारात के मौके पर सजाई गई झांकिया



## शाह टाइम्स की टीम ने किए फल वितरित

रविवार को तहसील रोड पर निकाली गई राम बारात में शामिल बैंड-बाजों में काम करने वाले लोगों को शाह टाइम्स सरधना तहसील प्रभारी शाहीन मिर्जा की तरफ से फल वितरित किए गयें। जिसकी प्रंशसा लोगों ने जमकर करते हुए कहा कि इस तरह के आपसी-भाईचारें से ही सौहार्द बना रहता है। हम सबको मिलकर एक दूसरे के त्यौहारों में बड़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये। रामबारात में शामिल सामाजिक कार्यकर्ताओं व राम बारातियों ने मुक्तकंठ से शाहीन मिर्जा के फल वितरण की सराहना की। बतादें कि सरधना की राम बारात हमेशा सौहार्द का प्रतीक रही है।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार को सरधना नगर में निकाली गई रामबारात के दौरान भव्य झांकिया सजाई। नगर भम्रण के दौरान राम बारात का कई स्थानों पर रामभक्तों ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा चाकचौबंद रही। तहसील रोड स्थित सैनी धर्मशाला से शुरू हुई राम बारात का उद्घाटन डॉ. सुनील त्यागी व डॉ. महेश सोम ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान नगर के कई मोहल्लों से आई भव्य झांकिया आर्कषण का केन्द्र बनी रही। बैंड बाजों के साथ राम बारात नगर के तहसील रोड, बिनौली रोड, पुलिस चौकी, गुजरान गेट, गंज बाजार, चौक बाजार, बुधबाजार आदि मोहल्लों से होकर गुजरी। जहां पर क्षद्धालुओं ने राम बारात का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था कराई। इस दौरान रामलीला कमेटी के प्रधान मलखान सैनी एडवोकेट, शरद त्यागी, प्रदीप मित्तल, मूलचंद सैनी, मदनलाल बंसल, अजय त्यागी, अनुज बंसल, वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, देवेश बंसल, संतराम सैनी, विक्की सैनी आदि कमेटी के सदस्य मौजदू रहें।

# रामलीला के मंचन में राम ने बांधा धनुष में धागा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में चल रही कलाकारों द्वारा आदर्श श्रीरामलीला के मंचन में राम ने जनकपुरी में जाकर स्वयंवर में श्रीराम ने भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए धनुष को उठाकर उसमें धागा बांधा तो धनुष टूट गया। श्रीराम से पहले अनेको राजाओं ने धनुष को उठाया लेकिन उनसे उठ नहीं पाया। भगवान श्री राम ने धनुष उठाकर धागा बांधते हुए तोड़ दिया।

रविवार की शाम करीब 5 बजे श्री दुर्गा मंदिर के प्रांगण से श्री राम बारात का शुभारंभ हुआ। झांकी का शुभारंभ समाजसेवी शुभम् लाम्बा एवं रामलीला कमेटी के प्रधान बिंदर चहल ने श्रीराम के माथे पर तिलक लगाकर व फीता काटकर किया। श्रीराम बारात दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला सड़कवाला, मोहल्ला मंगल बाजार, मोहल्ला जुमेरात, मोहल्ला मार्कपुरिया, मोहल्ला काकडोवाला से होती हुई मोहल्ला चैनपुरा में स्थित श्री रामलीला मैदान में संपन्न हुई। श्री राम बारात का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प डालते हुए स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था भी की।



राम बारात को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी क्रिष राजपूत पुलिस बल को साथ लेकर मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से बिंदर चहल, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, जयवीर सिंह, संदीप चौधरी, सुशील गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, सुमित चहल, विनोद सैनी, राम बहादुर शर्मा, इन्द्र लांबा, उपप्रधान सभासद वीरेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दिले सिंह प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रबंधक पवन बैरागी, जयबीर चौधरी, सचिव शुभम लांबा, अजयपाल लाठी, महामंत्री विधि, उपमंत्री विजयपाल सैनी, मंत्री पवन भूईयार, सचिन कुमार, विशाल शर्मा, मोहि. हत सिंधु तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक गौड, प्रेमचंद धीमान, भूल्लन, सतबीर अहलावत, रमेश गिरी, गौरव राजवंशी, मोहित शर्मा, दिनेश कुमार, रामू पोसवाल आदि मौजूद रहे।

# 223 दिव्यांगों के जीवन में आई नई रोशनी, फिर से अपने पैरों पर चले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आंखों में आंसू, दिलों में उम्मीद और चेहरों पर मुस्कान रविवार का दिन मेरठ के लिए भावनाओं का उत्सव बन गया। नारायण सेवा संस्थान उदयपुर और रोटरी क्लब मेरठ शिवम् के संयुक्त प्रयास से गढ़ रोड के एक रिसोर्ट पर आयोजित निःशुल्क नारायण लिंब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर ने सैकड़ों जिंदगियों को फिर से जीने का साहस दिया।

यह शिविर सिर्फ एक चिकित्सा आयोजन नहीं था, बल्कि टूटी हिम्मतों को जोड़ने और ठहर गई जिंदगी को दोबारा गति देने का पावन महायज्ञ था। शिविर में 223 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग पाकर नए जीवन की राह पर बढ़े। जिन सैकड़ों चेहरों पर निराशा की छाया थी, वहां आत्मविश्वास और आनंद की सुनहरी आभा लौट आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएमटी विवि के कुल. पति योगेश मोहन गुप्ता ने भावुक होकर कहा यह केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि परिवारों को फिर से जीने की ताकत देने वाला मानवता का सबसे सुंदर क्षण है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, समाजसे. वी वीरेंद्र कुमार शर्मा, जय भगवान, नीरज मित्तल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रो. संजीव रस्तोगी, रो. हरि गुप्ता सहित रोटरी शिवम के अजय अग्रवाल, करण सेठी और चिराग गुप्ता ने आयोजन में शिरकत की।



# एडवोकेट पंजीकरण हेतु प्री-वाइवा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा एडवोकेट पंजीकरण हेतु प्री-वाइवा का सफल आयोजन मूट कोर्ट हॉल, मेरठ कॉलेज, मेरठ में किया गया। इस अवसर पर लगभग 500 से अधिक आवेदक अधिवक्ता बनने हेतु वाइवा में सम्मिलित हुए। वाइवा का संचालन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन अजय यादव, अधिवक्ता एवं विनोद कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता द्वारा किया गया। इस वाइवा का उद्देश्य आवेदकों की विधिक समझ, उनकी प्रैक्टिकल लीगल नॉलेज तथा अधिवक्ता पेशे के प्रति उनकी गम्भीरता का मूल्यांकन करना था।


# पति से तंग महिला ने फांसी लगाई

## परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र में पति की प्रताड़ना से तंग आकर घर के अंदर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के परि. जनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। लोहिया नगर थाना क्षेत्र के अलीबाग की रहने वाली तैयबा का निकाह 6 साल पहले दिल्ली के जोनापुर निवासी सरताज से हुआ था। सरताज ऑटो चालक है।

यह तैयबा व दो बेटियां एक बेटे के साथ पिछले एक साल से अलीबाग कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। रविवार शाम करीब 3:30 बजे तैयबा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मृतका के भाई अली ने बताया कि सरताज शराब के नशे में पत्नी के साथ बर्बरता करता था। कई बार बहुत बुरी तरह से तैयबा के मारपीट की थी महिला ने हर बार इसकी शिकायत अपने परिवार से की थी। परिवार ने हर बार समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। तैयबा को मृत्यु हालत में देखकर उसके बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के परिवार की तरफ से पति व ससुरालजनों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। पुलिस ने सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर मेरठ में निकली जागरूकता रैली

- एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी व एसएसपी विपिन ताडा ने दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पूरे प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को पुलिस लाइन मेरठ से महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। एडीजी जोन मेरठ भानु भास्कर, डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी और एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाना है। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं और बालिक. ाओं को न केवल सुरक्षित वातावरण देने बल्कि आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है।

# श्री चंद्रप्रभु की पालकी धूमधाम से निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में स्थित प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर में चतुर्थकालीन श्रीचन्द्रप्रभु भगवान की तृतीय पालकी बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ निकाली गई। पालकी श्री दिग. 'बर जैन मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मोहल्लो में भ्रमण किया। पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पालकी यात्रा पर श्रद्धालुओं ने जैन भजन नृत्य भी किया।

शुभारंभ अंकुर जैन मेरठ ने फीता काटकर किया। उसके बाद पालकी यात्रा जैन मन्दिर से शुरु होकर, मेन बाजार, कैलाशपुरी मेरठ बिजनौर रोड़ से होती हुई पुनः जैन मंदिर पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम मेरठ, हस्तिनापुर, से बहाल गुडगाव, साहिबाबाद आदि शहरो से श्रद्धालु आये। बहसूमा जैन समाज और नगर के अन्य सभी समाज के लोगो का सहयोग रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से अंकुर जैन, रितेश जैन, वीरेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, आशीष जैन, सुशील जैन, सुभाष जैन, सिद्धार्थ जैन, अभिषेक जैन, राजेश जैन, नमन जैन, राहुल जैन, अक्षत जैन आदि का सहयोग।



# ब्राहमण समाज ही देश व दुनिया की दशा व दिशा तय करता हैः धर्मेन्द्र भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के एक मंडप में ब्राहमण समाज के तत्वाधान में ब्राहमण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र व आसपास के सैकड़ो ब्राहमणो ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज ने समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दण्डवंत प्रमाण किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि ब्राहमण संवाद को एक संदेश के रूप में जन जन तक पहुंचाया जाये ब्राहमण समाज ही देश व दुनिया की दशा व दिशा तय करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश शर्मा ने की तथा संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया। इस मौके पर चेयरमेन हिटलर त्यागी सीएचसी प्रभारी डॉ. रविशंकर शर्मा सलेकचंद शर्मा, अरुण को. शिक, मास्टर विकास शर्मा, शुभम वशिष्ठ, देवेंद्र शर्मा, राम नारायण शर्मा, जय नारायण शर्मा, मनोज शर्मा, संजीव शर्मा, सल्लू शर्मा, सभासद रवि शर्मा मोहन शर्मा, राहुल शर्मा, ब्रजभूषण शर्मा, कृष्णगोपाल शर्मा, संजीव पाराशर, पुष्कर मणि शर्मा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।




## उच्च शिक्षा में शोध, अनुसंधान एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक गठबंधन के बल पर...

# वेंकटेश्वरा को देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शुमार कराएंगेः डॉ. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय व श्री वेंकटेश्वरा विवि के मध्य राजयोग, मेडिटेशन एवं संस्कार शिक्षा पाठयक्रमों के लिए साझा संचालन पर सहमति बनी है।

इस आशा की जानकारी इस आशय की जानकारी दोनों विश्वविद्यालय के बीच सहमति पत्र एक्सचेंज करने के बाद संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की एजुकेशन विंग के इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर बीके पांडुमानी ने संयुक्त रूप से दी। ब्रह्माकुमारीज की ओर से इस उपलब्धि के लिए प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी व इस शैक्षणिक समझौते के सूत्रधार बने विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं श्री वेंकटेश्वरा विवि की ओर से प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बीके पांडिमणि, बीके जयकुमार, बीके सतेंद्र भाई, राजयोगिनी बीके मीना दीदी का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के रुड़की स्थित रिज़. जनल कार्यालय में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की एजुकेशन विंग के इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर बीके पांडुमानी, श्री वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विवि के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, बीके सुशील, संयोजक एवं विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उप कुलपति डॉ. गोपाल नारसन बीके डॉक्टर सत्येंद्र सिंह आदि ने दी प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर बीके डॉ. कृपाल सिंह की पुस्तक रामायण व महाभारत का आध्यात्मिक रहस्य का विमा. 'चन भी किया गया। ब्रह्मकुमार सुशील भाई के कुशल संचालन में अतिथियों का स्वागत रुड़की सेवा केंद्र प्रभारी बीके गीता दीदी, बीके दीपिका, बीके सपना, बीके पारुल ने किया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर कृष्णकांत दवे, कुलसचिव डॉ. अमित पीयूष पांडे, अंबाला ब्रह्माकुमारीज केंद्र से बीके शैली, यशपाल, विनय गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, मुनेंद्र भाई, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।



# शोभित को रिसर्च एवं इनोवेशन में अग्रणी विश्वविद्यालय का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित द्वितीय अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन एंड स्किलिंग टुवर्ड्स विकसित भारत /2047 एवं एजुक. 'शन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 के दौरान शोभित विवि (शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश को लीडिंग यूनिवर्सिटी इन रिसर्च एंड इनोवेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सर्विस एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विश्व. विद्यालय की ओर से वंश शेखर, निदेशक न्यू इनिशिएटिव एंड इनोवेशन ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि प्रत्येक सम्मान हमें और ऊंचाइयों की ओर बढ़ने का आह्वान करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सम्मान को जिम्मेदारी में और जिम्मेदारी को समाज एवं राष्ट्र की सेवा में बदलना ही हमारा वास्तविक कर्तव्य है। पुरस्कार प्राप्त करते हुए वंश शेखर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारे संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह हमें और अधिक नवाचार करने और समाज व राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा देता है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों की उस समर्पित मेहनत का परिणाम है, जो निरंतर ज्ञान और नवाचार की नई सीमाओं को छूते हुए विकसित भारत /2047 की परिकल्पना को साकार करने में योगदान दे रहे हैं।



# सपा यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

- जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन, 2027 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का लिया संकल्प

**जाकिर तुर्क/शाह टाइम्स**

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम के नेतृत्व में रविवार को यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी जाहिर की और गरीबों को भोजन वितरित कर सामाजिक संदेश दिया।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम ने कहा कि सिद्धार्थ सिंह समाजवादी पार्टी के उज्ज्वल नक्षत्र हैं। उन्होंने मेहनत और लगन से देशभर के युवाओं को पार्टी से जोड़ने और उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। आलम ने कहा कि सिद्धार्थ सिंह की ऊर्जा और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं का हौसला दोगुना हुआ है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन होंगे।

मुमताज आलम ने आगे कहा कि सिद्धार्थ सिंह का जन्मदिन केवल उत्सव नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का अवसर है। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान यूसुफ खान, जावेद खान, शादाब अल्वी, अमान उल्ला खान, वजाहत खान, मोइन खान, जावेद रंगरेज, गौतम, उमेश प्रजापति, शकील खान, जीशान खान, गुफरान खान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### राष्ट्रीय व्यापार मंडल के आधार एवं

# आयुष्मान कार्ड शिविर का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा डाक विभाग एवं गगन एनक्लेव आरडब्ल्यूए टीम के सहयोग से गगन एनक्लेव कॉलोनी स्थित कम्युनिटी सेंटर में आधार कार्ड एवं वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक संजीव शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा – "राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित ऐसे शिविर आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। एक ही छत के नीचे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराना समाज सेवा का उत्तम उदाहरण है। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने कहा – "व्यापार मंडल सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा– गगन एनक्लेव आरडब्ल्यूए के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा। हमें प्रसन्नता है कि आज 200 से अधिक लोगों ने नेत्र जांच कराई तथा सैकड़ों नागरिकों ने आधार एवं आयुष्मान कार्ड बनवाए।"

पंडित अशोक भारतीय ने अपने उद्बोधन में कहा – राष्ट्रीय व्यापार मंडल की यह पहल निश्चित ही समाज को लाभान्वित करेगी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रघुनंदन भारद्वाज ने सभी अतिथियों एवं नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा – "यह कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। हम राष्ट्रीय व्यापार मंडल के आभारी हैं। शिविर में 18 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी आयु वर्ग के आधार कार्ड में संशोधन किया गया। वहीं 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों ने अपनी नेत्र जांच कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक संजीव शर्मा, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रघुनंदन भारद्वाज, ओमबीर वीरवाल (श्रेया आई सेंटर), भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, अजय चोपड़ा, रोहित वशिष्ठ, पर्व शर्मा, राहुल वशिष्ठ, धर्मेंद्र चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस सप्ताह में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यूवा मोर्चा मण्डल मोदीनगर द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप गोविंदपुरी सामुदायिक केंद्र में मुख्य अतिथि मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, जिला संयोजक एवं महामंत्री जितेंद्र चितोड़ा, मण्डल अध्यक्ष मोदीनगर आकाश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक शर्मा, सभासद संदीप सांगवान, मंडल महामंत्री अमितेज जैन, अरुण खन्ना, आशीष कश्यप, सौरभ शर्मा, राकेश कर्दम जी, दीपांशु मलिक, सागर गुप्ता व अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जया मिस और सार मिस्टर फ्रेशर चुने गए

**मुरादनगर।** दिल्ली–मेरठ मार्ग स्थित काइट संस्थान में रविवार को फ्रेशर्स पार्टी हुई। इसमें बीटेक और एमबीए प्रथम के छात्रों का स्वागत किया गया। सीनियर छात्रों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बीटेक में सार मल्होत्रा को मिस्टर और जया चतुर्वेदी को मिस फ्रेशर बनीं। एमबीए में युवराज मिस्टर और कशिश मिस फ्रेशर चुनी गईं। कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर निद.ेशक आदेश पांडे, बिंकी श्रीवास्तव, सीएम बत्रा, केपी सिंह और प्रीति चित्कारा सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में दसवीं व बारहवीं के बच्चों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैश्य समाज ट्रांस हिंडन द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में दसवीं एवं बारहवीं के बच्चों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव प्रीति गोयल प्रधानाचार्य सन वैली इंटरनेशनल स्कूल एवं पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल रहे। संस्था की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल सचिव पीयूष गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने उनका प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उत्सव में कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल सीमांत गुप्ता विजय बंसल विनोद गुप्ता शैलजा अग्रवाल रेशु अग्रवाल सुनील गुप्ता नवीन संजीव, डॉ आलोक आशु रामेश्वर जी के साथ–साथ बहनों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कविता नीतू रमा किरण सीमा प्रीति निर्मल बुधिया, संध्या एवं सभी बच्चों के माता–पिता भी उपस्थित रहे। बच्चों के लिए प्रशस्ति पत्र संस्था के सदस्य धीरज अग्रवाल ने बनाए एवं बच्चों को ट्रॉफी राखी अग्रवाल ने दी।

## किडजी मोदीनगर के नन्हें विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन का शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किडजी मोदीनगर के विद्यार्थियों ने एक ऐतिहासिक और यादगार अनुभव प्राप्त करते हुए देश के सर्वोच्च संस्थान राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों ने न केवल राष्ट्रपति भवन की भव्यता और वास्तुकला का अवलोकन किया, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति के बारे में भी गहन जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन का समृद्ध इतिहास बताया गया। उन्होंने भव्य दरबार हॉल सहित कई ऐतिहासिक कक्षों का अवलोकन किया, जहाँ देश के महत्वपूर्ण कार्यक्रम और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होते हैं। बच्चों ने राष्ट्रपति भवन की सुंदरता और विशालता को देखकर अत्यंत उत्साह और गर्व व्यक्त किया। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि "राष्ट्रपति भवन देखकर हमें बहुत अच्छा लगा, यह बहुत बड़ा और सुंदर है। हमने किताबों में जो पढ़ा था, आज उसे अपनी आँखों से देखा। यह हमारी पढ़ाई के लिए भी बहुत उपयोगी है।" विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनमोल बंसल ने इस अवसर पर कहा, "यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि किडजी मोदीनगर के विद्यार्थियों को भारत की इस ऐतिहासिक धरोहर को देखने का अवसर मिला। ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों को भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक परंपराओं से जोड़ते हैं। इससे न केवल उनका सामान्य ज्ञान बढ़ता है, बल्कि उनमें देशभक्ति और गर्व की भावना भी जागृत होती है। किडजी मोदीनगर अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।" इस भ्रमण में विद्यालय की प्रधानाचार्या तारिका मट्टा सहित शिक्षिकाएँ रीता वर्मा, स्नेहा, अंतीमा, गीता मेहरा, भावना, स्वाति और राशि भी विद्यार्थियों के साथ रहीं और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के जीवन का एक अविस्मरणीय अध्याय बन गई, जो उन्हें भविष्य में देश की विरासत और संस्कृति को और गहराई से समझने के लिए प्रेरित करेगी।

## वैश्य समाज सेवा समिति ने फिल्म निर्माता अमित जानी को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बॉलीवुड फिल्म उदयपुर फाइल्स के निर्माता अमित जानी के गाजियाबाद आगमन पर उनके सम्मान में वैश्य समाज सेवा समिति विजयनगर गाजियाबाद द्वारा भव्य समारोह किया गया। जिसमें मशहूर फिल्म निर्माता अमित जानी को पटका, पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर फिल्म निर्माता अमित जानी ने बताया कि उनकी फिल्म उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल साहू की मौत पर आधारित है और उन्होंने बताया कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी का काम करने वाले कन्हैया लाल साहू की हत्या किस प्रकार की गई इससे सारा देश भली भांति वाकिफ है। उदयपुर फाइल्स इसी सच्चाई को देश के सामने उजागर करने वाली फिल्म है। उन्होंने देश में चल रहे वर्तमान हालात पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। समिति के अध्यक्ष कपिल गर्ग ने कहा कि फिल्म निर्माता अमित जानी का स्वागत सम्मान करते हुए समिति के सभी पदाधिकारी गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने अमित जानी से देश के अन्य मुद्दों पर भी फिल्म बनाकर उनकी सच्चाई को देश के सामने उजागर करने का आग्रह किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष कपिल गर्ग योग गुरु रमेश मंगल, राजेश गुप्ता, श्याम प्रेमी विवेक अग्रवाल, गगन गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद पति विजय गोयल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र, आरपी जैन, मनोज तायल, हरीश उपाध्याय, प्रवीण जिंदल आदि समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्रि मेले के लिए सपनावत में सज गया है मां वैष्णो धाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपनावत में माँ वैष्णो धाम मंदिर में नवरात्रों के आगमन पर रौनक बढ गई है। माँ वैष्णो धाम में नवरात्रि पर रोजाना हजारौं की संख्या में श्रृद्धालु माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिर में आते है। इसलिए हर वर्ष की भांति इस बार भी मां वैष्णो धाम मंदिर को फूल मालाओं के साथ रंगीन लाईटों से सजाया गया है। तथा पूरे नवरात्रि में लगने वाले मेले के लिए ग्रामीण हाट की बड़ी संख्या में दुकानें लगने लगीं है। तथा दूर दराज के क्षेत्र से अपने घरों में माँ वैष्णो की जौत प्रज्ज्वलित करने के लिए भक्तगण मंदिर में आ रहें हैं। क्योंकि माँ वैष्णो धाम मंदिर में स्थापना के समय माँ वैष्णो के दरबार कटरा से ही ज्योति लाकर प्रज्ज्वलित की गई है।

## जैन शिकंजी के नाम का दुरुपयोग करने पर अनुभव जैन को हुई सजा

### सतीश जैन ने ब्रांड के दुरुपयोग का किया था मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** देश के शिकंजी के मशहूर रजिस्टर्ड ब्रांड जैन शिकंजी जिस्टर्ड ट्रेडमार्क के स्वामी सतीश जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क के नाम का बार–बार दुरुपयोग करने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने अनुभव जैन को 8 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई। उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय में अदालत ने अनुभव जैन को 19 सितम्बर 2025 तक कड़कड़डूमा अदालत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। इस पर गंभीरता दिखाते हुए अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया कि उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाए। पूर्व में भी अदालत ने अनुभव जैन व प्रदीप जैन को हमारे रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क "Jain Shikanji", "Jain Shikanji Restaurant" या उनसे मिलते–जुलते किसी भी नाम का उपयोग करने से रोक दिया था। इसके बावजूद ये लोग अवैध रूप से 'प्रदीप जैन शिकंजी' नाम से बोतलें बेच रहे हैं, जो न्यायालय की स्पष्ट अवमानना है। इनकी बोतलें जिस संगरिया बेवरेजेस कंपनी द्वारा बनाई जा रही हैं, जिसे पहले ही कानूनी नोटिस दिया जा चुका है। 'उन्होंने कहा कि यह फैसला हमारे ब्रांड की साख और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है। उल्लेखनीय है कि जैन शिकंजी मोदीनगर का मशहूर शिकंजी ब्रांड है जोकि अब सम्पूर्ण देशभर में प्रसिद्ध हो चुका है इसी के नाम का लाभ उठाने के लिए कुछ लोगो ने स्वयं के जैन होने के चलते मिलते जुलते नाम से शिकंजी बनाकर बेचनी शुरू कर दी थी जिसके विरुद्ध रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क के स्वामी सतीश जैन पिछले काफी समय से कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं जिसमे आखिरकार उन्हें सफलता मिली है व नक्कालों के विरुद्ध कोर्ट ने कार्यवाही की है।

## डीजेजेएस ने किया इन्द्रिय निग्रह संस्कारशाला का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प "मंथन – संपूर्ण विकास केंद्र" के द्वारा बच्चों के लिए एक दिवसीय इन्द्रिय निग्रह संस्कारशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को अपनी इन्द्रियों – सुनना, देखना, स्पर्श करना, स्वाद और सूंघना – पर नियंत्रण रखना सिखाना और उनके आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराना था। बच्चों को बताया गया कि पाँचों इन्द्रियाँ केवल भौतिक अनुभवों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका सही उपयोग जीवन में संयम, ज्ञान और सकारात्मकता की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत पी. टी. एवं योग सत्र से हुई, जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य और एकाग्रता का महत्व समझाया गया। इसके बाद भावानी अष्टकम के उच्चारण ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। अन्य गतिविधियों में बच्चों ने स्पॉट द डिफरेंस, साउंड पहचानना (तेज और मधुर ध्वनियाँ), नाक द्वारा सुगंध अनुभव और स्पर्श गति. विधि जैसी रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्द्रियों को नियंत्रित करना सीखा। स्क्रीन टाइम पर वीडियो और चर्चा ने बच्चों को मोबाइल और टीवी के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, वहीं ईटिंग और ओवरईटिंग सत्र ने संतुलित आहार का महत्व समझाया।

विद्यार्थी पञ्च लक्षणम् और देवी माँ के नौ रूपों के अध्ययन ने बच्चों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन परिचय ने आदर्श व्यक्तित्वों की प्रेरणा दी। समापन अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या, साध्वी श्वेता भारती ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए इन्द्रियों पर अनुशासन को जीवन की सफलता का मूलमंत्र बताया। इसके बाद बच्चों ने सामूहिक ध्यान साधना के माध्यम से मानसिक शांति और आत्मिक बल का अनुभव किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सामूहिक छायाचित्रों के साथ हुआ। यह कार्यशाला बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल शैक्षिक और मनोरंजक अनुभव रही, बल्कि उन्हें जागरूक, सशक्त और संस्कारित नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं, ये समाज की जागृति के भी केंद्र हैं: ओझा जी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में आज हमुमन जी के जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा श्री हमारे मन्दिर केवल पूजा करने का स्थान नहीं है। हमारे मन्दिर समाज समाज सेवा व समाज की जाग्रति के केन्द्र बनने चाहिए हनुमान जी के मंदिर के साथ अगर अखाडा नही है तो मंदिर अभी अधुरा है।

आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम गृहस्थ लोगो की जिम्मेदारी है की गुरु और पुरोहित के जीवन यापन की व्यवस्था करे जिससे वो अपने शास्त्र व् राष्ट्र को बचाने के लिए युवाओं को संस्कारित कर सके। हनुमानजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि माता सीता जी का जन्म प्रकृति की कोख से और हनुमानजी का जन्म प्रकृति की गोद में हुआ है इसलिए सीता जी स्वयं प्रकृति हैं और हनुमानजी उंनके रक्षक हैं।

हनुमानजी हमें सन्देश देते कि जो समस्त संसार की अर्थात पशु पक्षि जीव जंतु कीट पतंगे पेड़ पौधे सब में परमात्मा का वास मानकर उनकी सेवा करता है भगवान ऐसे सेवक पर प्रेम और कृपा की वर्षा करते हैं। रावण शुक शरण व मारीच सन्त को राक्षस बनाता है और राम उसी मारीच को बिना फर का बन मारकर अपने प्रभाव को बताकर संत बनाते है और विभीषण को अपनी शरणागति में लाने को हनुमानजी को लंका भेजते हैं।

हनुमान जी ने लंका में कुसंस्कारों के जो दृश्य देखे और माँ जानकी की दयनीय स्थिति को दखा तो हनुमान जी को अपना शिव रूप याद आ गया और उन्होंने अपने कोप से लंका को जला कर लंका के लोगों को चेतावनी दी।

आज कथा में व्यास पूजन श्री विनोद वैशाली, श्री हरीश ने किया व पूज्य जीवन ऋषि जी मनोकामना धाम, डॉ राज कुमार सांगवान (सांसद बागपत), डॉ मंजू शिवाच (विधायक), विनोद गोस्वामी, कुंज बिहारी वशिष्ठ, मूलचंद गर्ग, प्रदीप बोस, स्वदेश जैन, शालिनी नैय्यर, कृष्ण राज, दौलत राम जांगिड़, अनिल सैन, रविन्द्र कुमार, बाबू राम शर्मा, अनुप्रीत कौर, संदीप सांगवान, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, अजय ग्रोवर, संजय नैयर डॉ शालिनी नैयर, रमेश खुराना, राहुल बाहरी, डॉ गौरव भाटिया, हर्षिता चौधरी, गीता अरोड़ा, डॉ एस सुषमा त्यागी, रोजी आनंद (पंजाबी और महिला पंजाबी संगठन) ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम की अनुकंपा से ज्योति प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात मातृ–पितृ उत्कृष्ट सेवा करने वालों को 'श्रवण कुमार' पुरस्कार/उपाधि से 108 महानुभावों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश शर्मा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के कर कमलो द्वारा यह उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम देश में पहली बार मातृ–पितृ उत्कर्ष सेवा करने वालों को सम्मानित कर मेरा मन बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण वर्ण का इतिहास प्राचीन भारत के वैदिक काल से शुरू होता है, जहाँ उन्हें समाज का सर्वोच्च वर्ग माना जाता था। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने कहा कि ब्राह्मण की सबसे बड़ी शक्ति उसका ज्ञान और विद्वत्ता है, जो उसे समाज में सम्मान दिलाती है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा ब्राह्मण समाज में विद्या का प्रकाश फैलाने, दान देने–लेने, यज्ञ करने–करवाने और आध्यात्मिक शिक्षा देने जैसे कार्य करता है।

# आईटीएस में पीजीडीएम के वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मेनेजमेंट मोहन नगर के लो. कप्रिय एवं सम्मानित शैक्षणिक प्रोग्राम पीजीडीएम (2023–25) के दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) वी एस सहाय, निदेशक, आई आई एम जम्मू, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ हुजैफा खोराकीवाला, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं फाउंडर, वॉकहार्ड लि एवं मि कौशलेश माहेश्वरी, प्रेसिडेंट( एस एंड एम), मंगलम सीमेंट लि, आई टी एस – द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो (डॉ) अजय कुमार एवं पीजीडीएम चेयर पर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया। आईटीएस – द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा की सहमति प्राप्त कर दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ विधिवत रूप से किया गया।

आई टी एस – द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं छात्रों से मानवीय मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरणा दी। निदेशक प्रो (डॉ) अजय कुमार ने सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया, संस्थान सम्बंधित उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



सभी उत्तीर्ण प्रतिभागियों द्वारा पारम्परिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात गेस्ट ऑफ ऑनर कौशलेश माहेश्वरी का सम्बोधन हुआ जिसमे उन्होंने छात्रों को पॉजिटिव एटीट्यूड, टाइम मैनेजमेंट, वर्क लाइफ बैलेंस, मूल्यों पर आधारित नेतृत्व तथा आत्मोद्धार का संदेश दिया।

तत्पश्चात डॉ हुजैफा खोराकीवाला ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने ग्रोथ माइंड सेट,स्वत: प्रबंधन, हार्ड वर्क एवं निरंतर सफलता की दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ उत्तीर्ण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) वी एस सहाय ने कन्वोकेशन एड्रेस में सभी छात्रों से वर्तमान समय में भारत वर्ष की बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिष्ठा और विगत ग्यारह वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र कर मिशन 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा पीजीडीएम (2023–25) में रैंक होल्डर्स के नाम की घोषणा की गई जिसमे मि हिमांशु मठपाल, मि मनीष प्रसाद, एवं मि केशव को क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन्हे क्रमश: स्वर्ण, रजत और ताम्र पत्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मार्केटिंग, फाइनेंस, एच आर, आई बी, आई टी एवं ऑपरेशन स्पेशलाइजेशन क्षेत्र में क्रमश: मिस निशु यादव, मो इकवाल हुसैन, मि सर्वेश एन भटनागर, मि लखराना सिंह, मि नरेंद्र कुमार एवं मि नरेंद्र कुमार सिंह को सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने हेतु स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रामलीला समिति के तत्वाधान में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित

## नगर में निकाली गई वाल्मीकि शोभायात्रा व शिव बारात, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में रविवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीलवकुश रामलीला समिति के तत्वाधान में पंचमुखी मंदिर से भव्य वाल्मीकि की शोभा यात्रा एवं शिव बारात निकाली गई। बैंड-बाजों, ढोल की थाप और झांकियों के साथ यह शोभायात्रा पंचमुखी मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, फूंस वाली मस्जिद, संजय मूर्ति, नेहरू मूर्ति, बिनौली रोड, पत्थर मंडी से होते हुए गांधी रोड पर पहुंची और पुन: पंचमुखी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारातियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका सभासद संजय गुप्ता ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि यशपाल सोलंकी, शिवेंदु दत्त शर्मा, समारोह गौरव डा.अभिनव तोमर और अशोक कुमार योगी मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित गोयल गुड्डू, संजय जैन और कपिल गर्ग ने भी भागीदारी निभाई। शोभायात्रा के दौरान शिवजी की झांकियां, भव्य सजावट और धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बारात में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वज-पताकाएं और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के अंत में पंचमुखी मंदिर में महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष डा.मनोज बिश्नोई ने बताया कि रामलीला समिति नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में आस्था और एकता का संदेश देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आगामी रामलीला मंचन कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डा. मनोज बिश्नोई, एडवोकेट आकाश बंसल, शिवम अग्रवाल सर्राफा, पं. देव कुमार शर्मा, घनश्याम शर्मा, अजय निरवाल वरिष्ठ समाजसेवी नेवी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलाकारों की प्रशंसा की। हरीश मोहन अग्रवाल, युगल किशोर गर्ग, विनोद गोयल पंसारी, दिनेश गोयल, आचार्य सोनू शर्मा, पुष्पेंद्र, संजय कुमार गर्ग, राजीव गुप्ता, आकाश, सुधीर, राजीव तोमर, राजन जैन और आलोक आदि की मौजूदगी ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया।

## रामलीला मंच पर फिल्मी गानों पर नृत्य करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** श्रीप्रेम मंडल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला विवादों में आ गई है। यहां 23 वर्षों के बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ था। स्थानीय लोगों में इस आयोजन को लेकर उत्साह था।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें कलाकार मंच पर फिल्मी गानों पर नृत्य करते दिख रहे हैं। कलाकारों ने (टुकुर-टुकुर देखते हो क्या) और (तेरी सूरत देख लोग तुझे पहचानेंगे) जैसे गानों पर नृत्य किया। इस वीडियो ने रामलीला मंचन की पवित्रता पर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार नृत्य के समय रामलीला समिति के कुछ पदाधिकारी भी मौजूद थे। विवाद बढ़ने पर रामलीला समिति के प्रतिनिधि विनोद कुमार गुप्ता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि मंचन पूरी तरह धार्मिक और परंपरागत तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने फिल्मी गानों पर नृत्य की बात से इनकार किया।

## अमावस्या पर देव पितरों का किया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में अमावस्या पर देव पितरों को मानते हुए खीर का भंडारा देव स्थलों पर किया गया। आने जाने वाले श्रद्धालुओं को रोककर सड़क पर ही खीर का मिष्ठान्न का भजन वितरण किया गया। सभी लोगों ने बड़े चावल के साथ प्रसाद को खाकर अमावस्या का त्यौहार बड़े उत्साह पूर्वक मनाया। इस मौके पर देव स्थलों पर भंडारा लगाकर हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में राजेंद्र कुमार शर्मा व शिव ओंकार शर्मा अभिनव शर्मा उषा शर्मा सविता देवी सुनीता देवी मीनाक्षी देवी राजेंद्र सिंह आदी मौजूद रहे।



## पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गौकश को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकश नौशाद को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। नौशाद पलडी का रहने वाला है। मुठभेड़ के दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग की थी।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देशन में दोघट पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ गौकश घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं। पुलिस ने चेकिंग शुरू की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में नौशाद के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने नौशाद के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। घायल नौशाद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान के अनुसार, आगे की कानूनी कार्रवाई दोघट थाने में की जा रही है। पुलिस नौशाद के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।



## एक नजर

### शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** भारत मां के वीर सपूत, 'वीर चक्र' और 'सेना मेडल' से सम्मानित शहीद मेजर रणबीर सिंह की 60वीं पुण्यतिथि पर रविवार को उनके पैतृक गांव नांगल में श्रद्धांजलि समारोह और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन, समाजसेवी और स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने शहीद की प्रतिमा और स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ, जिसमें ग्रामीणों और परिजनों ने पूर्ण आहुति डालकर शहीद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने मेजर रणबीर सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा है। मेजर रणबीर सिंह का जन्म 30 अगस्त 1938 को बागपत जनपद के गांव नांगल में हुआ। उनके पिता सुबेदार मेजर राम सिंह भी सेना में सेवाएं दे चुके थे। परिवार से मिली प्रेरणा और देशसेवा की भावना ने रणबीर सिंह को सेना में जाने का उत्साह दिया। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) खड़कवासला, पुणे से प्रशिक्षण प्राप्त किया और 14 दिसंबर 1958 को उन्हें कमीशन मिला। इसके बाद वे 09 पंजाब रेजीमेंट में नियुक्त किए गए। 1962 का चीन युद्ध और 'सेना मेडल'भारत-चीन युद्ध (1962) में रणबीर सिंह ने अपने अदम्य साहस और बहादुरी से शत्रुओं को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनके शौर्यपूर्ण योगदान के लिए उन्हें 'सेना मेडल' से सम्मानित किया गया। 1 अप्रैल 1964 को वे 19 बटालियन पंजाब रेजीमेंट में स्थानांतरित हुए और अंत तक उसी में सेवा दी। 1965 के भारत-पाक युद्ध में 21 सितंबर को कश्मीर की गिरीटियन चौकी पर लड़ाई के दौरान वे मोर्चे पर डटे रहे। गोलियों की बौछार के बीच उन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व करते हुए अद्भुत वीरता का परिचय दिया। इसी युद्ध में वे वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत के बाद भारत सरकार ने उन्हें 'वीर चक्र' से मरणोपरांत सम्मानित किया। गांव में हर दिल में बसती है याद शहीद मेजर रणबीर सिंह की स्मृति में गांव नांगल में भव्य स्मारक स्थापित किया गया है। प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को यहां श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर पूरा गांव एकजुट होकर उनके बलिदान को नमन करने आया। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ियों तक शहीदों की गाथा पहुंचाई जाएगी और युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। श्रद्धांजलि संदेश गांववासियों और परिजनों ने कहा शहीद मेजर रणबीर सिंह सिर्फ नांगल ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के गौरव हैं। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम हर साल इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाकर नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।इस अवसर पर ग्राम प्रधान जगपाल सिंह, मोहन मास्टर, डाक्टर नीरज कोरी, जगबीर सिंह, राममेहर, सतपाल, अनिल कुमार, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भगवान सदैव रखते हैं भक्तों का ध्यान: चंद्रमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** बड़ागांव के त्रिलोक तीर्थ धाम जैन मंदिर में भक्तांबर महामंडल विधान हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान की नित्य नियम पूजा की। इसके बाद अभिषेक, शांतिधारा और मंडप की शुद्धि करके विधान शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने 48 दीपों से भगवान पार्श्वनाथ की पूजा की। धर्म सभा में आर्यिका चंद्रमति माता ने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान अपने भकतों का सदैव ध्यान रखते हैं। भगवान की भक्ति करने वालों के जीवन में कभी कोई परेशानी नहीं आती। भगवान अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर कर जीवन खुशियों से भर देते हैं। सभी को भगवान की भक्ति करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। भगवान की भक्ति करने से ही मनुष्य का कल्याण संभव है। इस मौके पर त्रिलोकचंद जैन, श्यामलाल जैन, अभिषेक जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, प्रवीन जैन, विकास जैन, मोहित जैन मौजूद रहे।

### समय का सदुपयोग कर सफल बनाएं जीवन:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के अतिथि भवन में धर्म सभा में जैन संत नयन सागर महाराज ने कहा कि समय का सदुपयोग कर जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन जीने के लिए नकारात्मक सोच को सकारात्मक सोच में बदलना पड़ेगा। इंसान की जिस तरह की सोच होगी, उसके मन में इस तरह के ही विचार आएंगे। इसलिए सोच को हमेशा अच्छी रखो, सब काम ठीक होंगे। जीवन को सर्वोत्तम बनाने के बहुत तरीके हैं। मनोज जैन ने बताया कि अतिथि भवन में 27 सितंबर को एक शाम निर्मल सागर महाराज के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 सितंबर को नयन सागर महाराज का 39वां वैराग्य दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रवीण जैन, संजय जैन, अजय, प्रीति, सरिता, मोनिका, आरजू आदि उपस्थित रहे।

### स्नातकोत्तर में प्रथम स्थान आने पर गौरव को मिला स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर में हुए दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सुभाष नगर निवासी गौरव तोमर को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्नातकोत्तर राजनीतिक विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन व परिवार के सहयोग को दिया। साथ ही कहा कि उनके पिता साहब सिंह से उनको हमेशा बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

## नवनियुक्त व्यापार मंडल ने ली शपथ, व्यापारियों के हितों की रक्षा का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापारी एकता विकास मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पवन गोयल सर्राफ तथा प्रदेश महामंत्री हरीश कक्कड़ के मार्गदर्शन एवं संस्तुति पर मेरठ मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापारी समाज के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।




नव गठित मेरठ मंडल कमेटी में अभिषेक जैन छपरौली को मंडल अध्यक्ष, राहुल जैन छपरौली को मंडल सचिव, संजीव जैन को मंडल उपाध्यक्ष, प्रिंस जैन को मंडल महासचिव तथा विकास गुप्ता को मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। सभी पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराते हुए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक जैन ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यापारी का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हमेशा व्यापारी वर्ग के साथ खड़ा रहेगा। अभिषेक जैन ने आगे कहा कि हम अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ सभी व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करेंगे। हर व्यापारी की समस्या हमारी समस्या होगी और उसका समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और मंडल की नई टीम से व्यापारी वर्ग को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई।

## पखवाड़ा अभियान के तहत डा.शराफत अली को बनाया जनपद शामली का अल्पसंख्यक प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली व एवीएन क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक द्वारा डा.शराफत अली को जनपद शामली का प्रभारी बनाए जाने पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया और नवनियुक्त प्रभारी डा.सराफत अली का फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होने आने वाले हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का एलान किया। इस मौके पर मोमिन अल्वी डा. आसमोहम्मद साजिद राजपूत बासु कुरेशी नबाब नदीम नफीश कुरेशी सादाब अल्वी इरसाद उमर अल्वी जान मोहम्मद आदि स्वागत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## शिव विवाह व नारद संवाद का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** श्रीकृष्ण महाराज सनातन ठाकुर द्वारा प्रेम मंडल रंगमंच पर रविवार को शिव विवाह व नारद संवाद का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी कलाकारों ने अपना अभिनय बहुत खूब निभाया जिसमें शिवजी का रोल निभाने वाले कुलदीप वर्मा और नारद का अभिनय निभाने वाले अजय वर्मा ने अपने अभिनय से आय विशाल संख्या में राम भगतो को मन मोह लिया।



मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पूर्व अध्यक्ष अमित राणा व नितिन गोस्वामी बजरंग दल भी प्रेम मण्डल ठाकुरद्वारा पहुंचे प्रेम मंडल ठाकुर द्वारा के सभी कलाकारों व कमेटी के सभी पदाधिकारी ने उनको पगड़ी बांधकर व पटका और उपहार देकर सम्मानित किया। अमित राणा ने कहा कि कई वर्षो चल रही इस ऐतिहासिक सनातन धर्म ठाकुर द्वारा प्रेम मंडल बड़ौत में बड़ौत के मूलनिवासी कलाकारों द्वारा हो रही इस रामलीला के दूर दूर तक परषिद है ओर में इन सभी कलाकारों का धन्यवाद करता हूं वो अपना समय निकाल कर या पर नि:शुल्क अभिनय निभाते है। कार्यक्रम में मौजूद रमेश शर्मा की रामलीला का कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष पवन माहेश्वरी, सचिव प्रमोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकित वर्मा, सीन डायरेक्ट बबलू महेश्वरी, संजय वर्मा बॉबी वर्मा अतुल जैन मानव वर्मा बृजेश शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, हिमांशु जैन, विजेंद्र शर्मा , दीपक वर्मा, आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केपी मलिक ने किया शहीद संजय कुमार की प्रतिमा का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जौनमाना गांव के बेसिक प्राइमरी पाठशाला में अमर शहीद संजय कुमार वैष्णव की प्रतिमा का अनावरण राज्य मंत्री केपी मलिक ने विधि विधान के साथ फिता काटकर किया और शहीदों की याद में हवन पूजन किया गया।



कार्यक्रम के उपरांत छात्र-छात्राओं के खिलाड़ियों के बीच पहुंचे कोच रामकुमार तोमर पूर्व रामू ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं जनपद का ही नहीं देश-विदेश में भी रोशन हो रहा है। स्व.संजय कुमार पुत्र श्याम सिंह जौनमाना की याद में कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर बैरागी समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष बैरागी व राधेश्याम फौजी व राधेश्याम शर्मा एडवोकेट ग्राम प्रधान देशपाल सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य जयकुमार चौधरी भाजपा नेता भानु राजीव चौधरी ओमवीर सिंह देव ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर निधि कुमारी अंशु जिया नाजिश तान्या वंशिका शालू रितु सानिया दिव्यांशी साक्षी काशया खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कोच प्रमुख रामकुमार तोमर उर्फ रामू ने कहा कि खिलाड़ी हमारे जनपद बागपत की आन बान शान है। खिलाड़ियों का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य बनता है। इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## अमर शहीद वैष्णव चौधरी की प्रतिमा का राज्य मंत्री ने विधि विधान के साथ किया अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जौनमाना गांव में अमर शहीद स्व.वैष्णव चौधरी निवासी जौनमाना बेंगलुरु में 1989 में भर्ती हुआ था। 1990 में नाईन पैरा रेजीमेंट में शहीद हो गया था जिसका आज प्रदेश के राज्य मंत्री केपी मलिक ने विधि विधान के साथ उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। राधेश्याम फौजी विक्रम फौजी रमेश फौजी सुभाष बैरागी देशपाल प्रधान राधेश्याम शर्मा एडवोकेट भानु चौधरी किसान यूनियन नेता बबलू कुमार बैरागी देव कुमार जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य वरिष्ठ समाजसेवी पहलाद सिंह आर्य जयकुमार प्रधान रामकुमार तोमर पवन तोमर आदी गांव के गणमान्य नागरिक ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि हम सब लोगों को उनके बताएं मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। आज हमारा देश का जवान सीमा पर खड़ा होकर हमारे देश की रक्षा कर रहा है जैसे खेत में किस सीमा पर जवान कार्यरत है। ऐसे ही अगर आज हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे जवानों की देन है। देश का प्रत्येक जवान हमारी रक्षा के लिए अपने प्राण अनुसार कर देता है और हमारी रक्षा करता है हम सब लोगों को मिलकर देश के अमर शहीदो की आत्मा की शांति के लिए समय-समय पर यज्ञ हवन करते रहना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को भी अपनाना चाहिए हम लोग अपनी संस्ख्रति को बोलते जा रहे हैं जब हम अपनी संस्कृति को भूल जाएंगे तो हमारा विनाश निश्चित है। कार्यक्रम मे लोगों ने भाग लिया।

## संवेदना और करुणा का संदेश दे रहा कलेक्ट्रेट का पक्षीघर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर जनपद के युवाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पक्षी घर का अवलोकन किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बागपत की इस पहल का उद्देश्य युवाओं में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना था। युवाओं ने पक्षीघर के पास समय व्यतीत किया और शांति का गहरा अनुभव प्राप्त किया।

राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित युवा अमन कुमार ने युवाओं का नेतृत्व करते हुए कहा कि पक्षियों के लिए सुरक्षित स्थान बनाना मात्र पर्यावरण संरक्षण ही नहीं बल्कि मानवीय करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने-अपने घरों और गांवों में पक्षी घर अवश्य स्थापित करें, ताकि हमारे नन्हें चहचहाते दोस्तों को भी सुरक्षित आश्रय मिल सके। युवाओं ने भी संकल्प लिया कि वे प्रख्रति और पक्षियों के संरक्षण हेतु प्रयास करेंगे और पक्षी घर बनाने की दिशा में पहल करेंगे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

बागपत से पहुंची गुलफसा ने बताया कि पक्षीघर के समीप बैठकर उन्हें अपार शांति महसूस हुई। खेकड़ा से आए निखिल धामा ने कहा कि उन्हें यहां से प्रेरणा मिली कि अब पक्षियों के लिए उन्हें भी कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए। खेड़की से आए नीतीश भारद्वाज ने कहा कि यह पक्षीघर बागपत की संवेदनशीलता और प्रकृति-प्रेम का जीवंत प्रतीक है।

बिनौली से पहुंचे अमीर खान ने संकल्प लिया कि वह अपने गांव में भी ऐसा पक्षीघर स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

वहीं नैथला गांव से आए गगन त्यागी ने पक्षीघर के पास बैठकर एक कविता लिखी और उसे सुनाकर वहां का माहौल और भी जीवंत कर दिया। वासु, विकास, दानिश, पंकज, प्रिया, आदित्य और अन्य युवाओं ने भी अपने विचार साझा किए और प्रकृति संग जुड़ने की इस पहल को सराहा।

जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने कहा कि युवाओं को केवल किताबों तक सीमित रखने से समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। आवश्यक है कि उन्हें सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व वाले स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाए। इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामुदायिक स्थलों की देखभाल का भाव विकसित होता है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से सूचना विभाग ने यह निर्णय लिया है कि हर रविवार को जनपद के किसी एक महत्वपूर्ण स्थल पर युवाओं का भ्रमण कराया जाएगा।

इस पहल से न केवल युवाओं को सीखने और समझने का अवसर मिलेगा, बल्कि आमजन में भी प्रकृति और सामुदायिक धरोहरों की सुरक्षा का संदेश जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर आयोजित यह पक्षीघर भ्रमण युवाओं के लिए केवल शांति, करुणा और संवेदनशीलता का जीवंत अनुभव साबित हुआ।

# डीएम व एसपी ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

## मिशन शक्ति-5 का संदेश लेकर सड़कों पर उतरीं महिला पुलिसकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल मिशन शक्ति-5 के तहत ज़िलें में महिला पुलिसकर्मियों ने बाइक रैली निकाली। यह रैली महिलाओं में सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई। डीएम अभिषेक पांडेय, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाई। सैकड़ों महिला पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहनों पर सवार होकर रैली में हिस्सा लिया। बाइक रैली जिले के कई प्रमुख स्थानों से होते हुए निकली गई। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक सम्मान दिलाने का अभियान है। रैली के जरिए यह संदेश दिया गया कि महिला पुलिसकर्मी हर स्थिति में सतर्क रहती हैं। नागरिकों ने महिला पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया। प्रशासन ने महिलाओं में सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान जारी रखने का आश्वासन दिया।




# पंजाबी सभा समिति ने विधायक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंजाबी सभा समिति के सह-सचिव सरदार चरणजीत सिंह के निवास स्थान पर हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाबी सभा समिति ने विधायक को सम्मानित किया। यह समारोह समाज की एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रतीक बना।

विधायक विजयपाल आढ़ती का पारंपरिक पंजाबी तरीके से फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। पंजाबी सभा समिति ने विधायक को शॉल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की। विजयपाल आढ़ती ने पंजाबी समाज को सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके कार्यालय या निवास पर आ सकता है। उन्होंने हापुड़ को और अधिक समृद्ध बनाने की बात कही। विधायक ने हापुड़ सदर क्षेत्र में चल रहे और पूरे हो चुके विकास कार्यों जैसे सड़क निर्माण, जल निकासी, विद्युतीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पंजाबी बहुल इलाकों पर विशेष ध्यान दिया गया है और 50 से ज्यादा परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने कहा कि यह समारोह समाज और प्रशासन के बीच संवाद का एक माध्यम बना। इस अवसर पर कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे, जिनमें पूर्व अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, जिला समन्वयक लेखराज अनेजा, सरदार सरजीत सिंह चावला, राजेश शर्मा, सह-सचिव सरदार रिंकू मखीजा, सभासद आदित्य सूद, सरदार जसवीर सिंह, मीडिया प्रभारी जगदीश माकन और सरदार मिंटू शामिल थे।



# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, दबकर किसान की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खेत की जुताई कर घर लौटने के दौरान सड़क के गड्डे में टायर गिरने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया, जिसके नीचे दबकर गांव कल्याणपुर के अधेड़ किसान की मौके पर ही मौत होने से घर में कोहराम मच गया।

मूलरूप से जनपद मेरठ के मवाना क्षेत्र के गांव ढकोली निवासी 55 वर्षीय किसान अनिल सिंह का विवाह गढ़ क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में हुआ था, जो करीब 30 साल पहले अपने परिवार को साथ लेकर कल्याणपुर में आकर रहने लगे थे। शनिवार की शाम करीब चार बजे अपने खेत में जुताई करने के बाद अनिल सिंह घर को लौट रहे थे। इसी दौरान हैदरपुर रोड में हो रहे गहरे गड्डे में अचानक टायर गिरने से अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर पलटी खाता हुआ खेत में जाकर पलट गया, जिससे ड्राइविंग कर रहे किसान अनिल सिंह उसके नीचे दब गए। ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनकर राहगीरों समेत आसपास के जंगल में कामकाज कर रहे कई किसान मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए, जिन्होंने कड़ी मशक्कत करते हुए ट्रैक्टर के नीचे दबे किसान को बाहर निकाल लिया। परंतु इससे पहले ही किसान अनिल सिंह की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। हादसे में जान गंवाने वाले अनिल सिंह तीन बेटों के पिता थे। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच के उपरांत मृतक किसान का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों की तरफ से तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# आगामी त्यौहारों को लेकर सुरक्षा का खाका तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** त्योहारों के मौसम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेरठ परिक्षेत्र में पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। यह व्यवस्था नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को ध्यान में रखकर की गई है।



मेरठ परिक्षेत्र में कानून और व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कुल 4699 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं, जिनमें 7 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, और 92 निरीक्षक के साथ अन्य पुलिस और होमगार्ड कर्मी भी शामिल हैं। इसके अलावा, 2 कंपनी पीएसी भी तैनात की गई हैं। परिक्षेत्र में कुल 347 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इनमें से सबसे अधिक 208 बुलंदशहर में, जबकि मेरठ में 51, हापुड़ में 52, और बागपत में 36 शोभायात्राएं होंगी। कुल 26 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। सबसे अधिक 12 प्रतिमाएं बागपत में और 10 मेरठ में लगाई जाएंगी। परिक्षेत्र में कुल 102 रामलीला मंचन और 110 रावण दहन के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इनमें मेरठ में 31 रामलीला और 32 रावण दहन, जबकि बुलंदशहर में 45 रामलीला और 53 रावण दहन के कार्यक्रम होंगे। परिक्षेत्र में 109 हॉटस्पॉट और संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है, जहाँ सुरक्षा के लिए 24 जोन और 81 सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा, 61 क्विक रिस्पांस टीम क्यूआरटी भी तैनात रहेंगी। पुलिस ने शांति समिति और अन्य विभागों के साथ 236 से अधिक बैठकें की हैं ताकि समन्वय बेहतर हो सके। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने सभी जनपद प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं कि जुलूस मार्गों और रावण दहन स्थलों पर किसी भी विवाद को तुरंत सुलझाया जाए। पूजा पंडालों और अन्य कार्यक्रमों में बिजली और आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। दुर्गा पूजा पंडालों और रावण दहन स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और उचित पुलिस तैनाती की जाए। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए डायवर्जन पॉइंट भी चिन्हित किए जाएं। मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी-रोमियो टीम बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। महत्वपूर्ण गति. विधियों और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। अफवाहों को फैलने से रो. कने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यह व्यापक योजना यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है कि आगामी त्योहारों के दौरान परिक्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और लोग सुरक्षित रूप से उत्सव मना सकें।

# शारदीय नवरात्रि की इस साल 10 दिनों की होगी पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देवी पूजन का महापर्व शारदीय नवरात्रि इस साल 22 सितंबर, सोमवार से शुरू हो रहा है। इस बार तृतीया तिथि की वृद्धि होने से यह पर्व पूरे 10 दिनों का होगा, जिसका समापन दशहरा 2 अक्टूबर, गुरुवार को होगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष, ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले के अनुसार, इस नवरात्रि में कई शुभ योग बन रहे हैं, जो भक्तों के लिए बेहद फलदायी होंगे। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 22 सितंबर, सोमवार को कलश स्थापना के लिए कई शुभ मुहूर्त हैं। सुबह 6:11 से 7:41 बजे तक अमृत की चौघड़िया में, सुबह 10:38 से 12:35 बजे तक स्थिर लग्न और अभिजीत मुहूर्त में, माता का आगमन हाथी पर और प्रस्थान मनुष्य पर हो रहा है, जो राष्ट्र, समाज और परिवार के लिए धन-धान्य, समृद्धि और सौभाग्य लाने वाला होगा। इस बार 10 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा होगी। तृतीया तिथि की वृद्धि के कारण 24 और 25 सितंबर को दो दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होगी, जिससे साहस, शक्ति और शत्रुओं से मुक्ति मिलेगी। मां शैलपुत्री की पूजा, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री देवी की पूजा। कलश स्थापना के लिए मिट्टी का घड़ा सबसे उत्तम होता है, और नौ दिनों तक अखंड दीपक अवश्य जलाना चाहिए। प्रतिदिन एक कन्या को भोजन कराएं या फिर अष्टमी/नवमी को 9 कुमारी कन्याओं को भोजन कराएं। कन्याओं की उम्र 2 से 10 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर, मंगलवार को निशा पूजन और बलि सात्विक होगी। 1 अक्टूबर, बुधवार को पूजन, बलि सात्विक और हवन होगा। दशमी तिथि यानी 2 अक्टूबर, गुरुवार को सुबह विसर्जन के बाद व्रत का पारण किया जाएगा।



# राजा परीक्षित को मोक्ष व विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिव्य धाम बालाजी मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महाकथा का समापन राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन बागेश्वर धाम से आए पंडित रोहित रीछारिया जी महाराज ने राजा परीक्षित की मोक्ष प्राप्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कथा के अनुसार, राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि ने शाप दिया था कि तक्षक नाग के डसने से सातवें दिन उनकी मृत्यु हो जाएगी। शाप से विचलित राजा परीक्षित ने अपने पुत्र जनमेजय को राजपाट सौंपकर गंगा के तट पर जाकर व्यासपुत्र शुकदेव मुनि से श्रीमद् भागवत कथा सुनी। सात दिनों तक कथा सुनकर राजा का मन भौतिक संसार से हट गया और जब तक्षक नाग ने उन्हें डसा, तो उनका शरीर भले ही भस्म हो गया, लेकिन उनकी आत्मा को दिव्य भगवत धाम की प्राप्ति हुई। इस कथा के समापन के बाद सभी भक्तों ने नम आँखों से व्यास जी महाराज को विदाई दी और जल्द ही उनके पुनः आगमन की कामना की। कथा के समापन पर भव्य पूर्ण आहुति हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रिंस गोयल, आरती गोयल, नेहा गोयल, पं. सूरज, रजत, यश, संजीव, हर्ष शर्मा, योगेंद्र, शिवम, शशि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



## एक नजर

### चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई बुलेट मोटर साइकिल बरामद की है। गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि थाना पुलिस टीम द्वारा ठंडी सडक ईदगाह के सामने चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध वाहन चालक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी करते हुए वाहन चालक को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किया गया संदिग्ध एक शातिर किस्म का वाहन चोर है और मोटर साइकिल चोरी की है। पुलिस तुरंत उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में वाहन चोर की पहचान शाहरुख पुत्र अलीशेर निवासी निवासी 25 फुटा रोड जमालपुर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ के रूप में हुई है। फिलहाल वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

### जुआ खेलते हुए 3 जुआरी गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए 3 जुआरीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए है। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी व सटेबाजों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 3 जुआरीयों को शीतला माता मन्दिर वाले रास्ते पर आम के बाग से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 1,150 रुपये की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए है। जुआरीयों की पहचान रोहित पुत्र सहदेव निवासी ग्राम रौटी थाना बहादुरगढ जनपद हापुड, धीरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी जखैडा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड और आजाद पुत्र शौकत निवासी जखैडा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जुआरीयों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा मुक. दमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नवरात्र में मांस, अंडा व शराब की दुकानें हो बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा ने पावन नवरात्र की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र में देशभर के मंदिरों में लाखों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों सहित श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दुर्गा माता के दर्शन के लिए पहुँचेंगे। इस दौरान भक्त व्रत रखकर माँ दुर्गा की उपासना करेंगे और अष्टमी व रामनवमी तक विधि-विधान से पूजन करेंगे।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि नवरात्र के दौरान यूपी के सभी जनपदों में मांस, नॉनवेज, अंडा और शराब की दुकानों को पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि धार्मिक आस्था और माहौल पवित्र बना रहे। राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा ने चिंता जताई कि यूपी में हत्या, लूट और महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में नवरात्र पर्व पर विशेष सुरक्षा और सतर्कता बेहद आवश्यक है। वहीं, यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मायाप्रकाश शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने भी सरकार और प्रशासन से मांग की कि नवरात्र महोत्सव के दौरान यूपी के सभी मंदिरों के आसपास मांस, अंडा और शराब की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए।

### पेंशन बनवाने के बहाने विधवा से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पड़ोसी महिला द्वारा पेंशन बनवाने के बहाने से अपने घर बुलाई गई विधवा के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म कर दिया बहाद. ुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में विधवा महिला के साथ दुष्कर्म होने की घटना से हड़कंप मच गया। सामाजिक मान मर्यादा और लोक लज्जा के भय से पीड़िता अपनी आपबीती परिजनों को सुनाने से बचती रही, पीड़िता के भाई ने आरोपी समेत पड़ोस में रहने वाली महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उल्लेख किया है कि पड़ोसी महिला ने उसकी विधवा बहन को किसी काम के बहाने से 17 सितंबर को अपने घर में बुला लिया था। जहां पहले से ही मौजूद आरोपी ने डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कर दी। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि पड़ोसन द्वारा पेंशन बनवाने के बहाने अपने घर में बुलाई गई विधवा के साथ गांव के ही युवक द्वारा दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक समेत पड़ोसी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कराई जा रही है।

# घर लौट रहे परिवार से मारपीट व छेड़छाड़ करने वाले 4 गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र के मसौता मोड़ पर दबंगो द्वारा घर लौट रहे कार सवार एक परिवार पर जानलेवा हमला करने, गाड़ी में तोड़फोड़ और गाड़ी में बैठी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि गाजियाबाद के गांव कलछीना निवासी साजिद अपने परिवार के साथ शुक्रवार की देर शाम अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह पिलखुवा थाना क्षेत्र के मसौता मोड़ पर पहुंचे तभी करीब एक दर्जन अज्ञात युवकों ने साजिद और उनके भाई जाहिद को रोककर लोहे की रोड और ईट से मारपीट शुरू कर दी थी। हमलावरों ने गाड़ी में तोडफ़ोड़ की और गाड़ी में बैठी महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया था। जब निड़ोरी गांव के शहजाद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की थी। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए थे। तो वही संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। रविवार को पुलिस ने कार सवार परिवार के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की घटना में संलिप्त 4 आरोपी निशान्त पुत्र बाबी, छोटू उर्फ हथौडा पुत्र ब्रज. ेश, शिवा पुत्र पवन और मोहित तोमर पुत्र चन्द्रपाल को गांव छिजारसी से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है ।

# जमीयत उलेमा ने की शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मसौता रोड पर कलछीना के लोगों के साथ घटी अप्रिय घटना को लेकर जमीयत उलेमा पिलखुवा का प्रतिनिधि मंडल थाना प्रभारी से मिला, सौंपा प्रार्थना पत्र, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

पिलखुवा क्षेत्र के मसौता रोड पर कलछीना के लोगों के साथ हुई अप्रिय घटना को लेकर समाज में रोष व्याप्त है। इस संबंध में जमीयत उलेमा पिलखुवा के अध्यक्ष हज़रत मौलाना तसलीम अहमद क़ासमी साहब के निर्देशानुसार एक प्रति. निधि मंडल ने थाना प्रभारी से मुलाक़ात की और घटना की पूरी जानकारी साझा की। प्रतिनिधि मंडल ने थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कहा कि इस घटना ने स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत किया है। ऐसे शरारती और असामाजिक तत्वों के ख़िलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और समाज में अमन-शांति का माहौल बना रहे। थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि दोषियों की तलाश और जाँच प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर क़ानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि वे मामले को स्वयं बढ़ाने की बजाय क़ानून पर भरोसा रखें और प्रशासन का सहयोग करें। प्रतिनिधि मंडल में मौलाना ग़ारिसुल हक़ क़ासमी अध्यक्ष, तहसील धौलाना, क़ारी मुशाहिदुल इस्लाम सिद्दीकी जनरल सेक्रेटरी, जमीयत उलेमा पिलखुवा, क़ारी मोहम्मद अय्यूब, भाई जावेद, शकील, इरफ़ान, आसिफ़, हाकिम, खालिद, फिरोज़, तसलीम अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जमीयत उलेमा पिलखुवा ने लोगों से अपील की है कि वे हर स्थिति में शांति बनाए रखें, क़ानून व्यवस्था पर विश्वास रखें और अमन व सुकून के वातावरण को बनाए रखने में सहयोग दें।



# एसपी ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शनिवार देर रात को एसपी ज्ञानंजय सिंह ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में पहुंचते ही सबसे पहले अभिलेखों की जांच की और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की हाजिरी चेक की। एसपी ने बैरक, मालखाना, हवालात और शस्त्रागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई व अभिलेखों के रखरखाव पर संतोष जताया। वहीं, उन्होंने लंबित प्रकरणों और विवेचनाओं की फाइलें देखीं और समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए एसपी ने वहां तैनात महिला कर्मियों से फरियादियों की समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली हर पीड़िता को संवेदनशील व्यवहार के साथ त्वरित न्याय मिलना चाहिए। इसके अलावा एसपी ने थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली देखी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली आमजन में विश्वास बढ़ाने वाली होनी चाहिए। लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाने पर आने वाले फरियादियों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्याएं सुनी जाएं व निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए।



# पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पितृ अमावस्या पर रविवार को ब्रजघाट गंगा नगरी में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। ब्रजघाट के साथ ही पुष्पावती पूठ और लठीरा के तट पर भी श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पिंड दान कर गंगा मैया के जयकारे लगाए और विधि-विधान से पूजा पाठ कराया। लेकिन वाहनों का दबाव बढ़ने से सुबह तीन बजे से हाईवे पर करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे हर किसी को परेशानी झेलनी पड़ी।

पितृ विसर्जन अमावस्या के मौके पर शनिवार देर रात से ही ब्रजघाट पर गंगा में स्नान शुरू हो गया था। रात में पहुंचे श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे से ही गंगा में स्नान करना शुरू कर दिया। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने पितरों को तर्पण किया और सूर्य को अर्घ्य दिया। गंगा किनारे ही श्रद्धालुओं ने पुरोहितों की मदद से विधि विधान से मंत्रोच्चारण के बीच पूजा की। गंगा स्नान के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पिंड दान और तर्पण कराया। रविवार का अवकाश और पितृ विसर्जनी अमावस्या पर हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। जिससे सुबह करीब तीन बजे से ही टोल प्लाजा से ब्रजघाट गंगा के पुल तक वाहनों के पहिए थम गए। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने हाईवे पर पहुंचकर जाम खुलवाने की कवायद की।



# महिला मिशन शक्ति फेस-5.0 का शुभारम्भ

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर बाइक रैली का आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मिशन शक्ति फेस-5.0 के अन्तर्गत जागरूकता बाइक रैली की शुरुआत की गई। इस अवसर पर डीसीपी यातायात, डॉ0 प्रवीण रंजन, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, शुभारम्भ के अवसर पर महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को जन-जन तक पहुँचाने हेतु गठित स्वयं सिद्धा टीम द्वारा एक विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जीआईपी मॉल, नोएडा से प्रारम्भ होकर सेक्टर-21ए स्थित नोएडा



स्टेडियम तक पहुँची। रैली में बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी, स्वयं सिद्धा टीम की सदस्याएँ एवं एण्टी रोमियों टीम, पीआरवी टीम सम्मिलित हुईं। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "नारी शक्ति - नारी सुरक्षा" का संदेश देते हुए आमजन को जागरूक किया। इस आयोजन का उद्देश्य केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त और जागरूक बनाना है।

## दादरी में 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित बादलपुर में 14 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी बिजली सब स्टेशन का निर्माण होगा। बिजली विभाग ने यह निर्णय बढ़ती आबादी और क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए लिया है।

इस सब स्टेशन से अच्छेजा और सादोपुर क्षेत्र के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में कई बार दो-दो दिनों तक बिजली नहीं आने से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है।

स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि स्थानीय निवासियों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने सब स्टेशन पर धरना दिया और मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और अधिकारियों को बंधक बना लिया। अब इस नए सब स्टेशन की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा।

# ट्रेड शो से पहले नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे को चमकाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इस सप्ताह 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो शुरू होने जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई विद. ेशी वीवीआईपी भी शिरकत करेंगे। इसके देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को चमकाने का काम शुरू कर दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी व कालिंदी कुंज से लेकर एक्सप्रेसवे के करीब 20 किलोमीटर दायर में मरम्मत व सजावट से संबंधित काम शुरू करा दिए गए हैं। इन्हीं तीनों मुख्य रास्तों से वीवीआईपी दिल्ली से नोएडा होते हुए ग्रेनो के एक्सपो मार्ट में शुरू होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहुंचेंगे।

> चिल्ला बॉर्डर से लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर मरम्मत, पेंटिंग समेत अन्य काम कराए जा रहे हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से पहले सभी संबंधित काम पूरे कर लिए जाएंगे।
>
> **डॉ लोकेश एम, सीईओ, नोएडा प्राधिकरण**

कार्यक्रम स्थल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में आता है। ऐसे में एक्सपो मार्ट के आसपास संबंधित काम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण करा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों बताया कि पूरे एक्सप्रेसवे और सर्विस रोड, जहां पर भी सड़क टूटी हुई है, उसको ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। फुटपाथ और सेंट्रल वर्जपर पेंट कराया जा रहा है। एक्सप्रेसवे की सेंट्रल वर्ज पर पौधे लगाए जा रहे हैं। जगह-जगह नए गमलों को रखने का काम कल से शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाइटों को भी बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। आने-जाने वाले दोनों रास्तों पर एक-एक लाइट को चेक किया जा रहा है। इसके अलावा एक्सप्रेसवे पर जो यूनिपोल व आईटीएमएस के पोल लगे हुए हैं, उनके भी नट-बोल्ट जांचे जा रहे हैं। सेक्टर-14ए नोएडा प्रवेश द्वार को खासतौर से सजाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे को चमकाने से संबंधित काम की प्रगति जानने के लिए रोजाना नोएडा प्राधिकरण के अलग-अलग विभाग के अधिकारी जायजा ले रहे हैं। सीईओ डॉ लोक. ेश एम भी दो बाद एक्सप्रेसवे का दौरा कर चुके हैं।

# 18 किलोमीटर की नई सड़क का काम जल्द होगा शुरू, 24 करोड़ आएगा खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-145 सेक्टर को विकसित करने जा रही है। ये सेक्टर आवासीय सेक्टर है. जिसमें पार्क, रोड , ग्रीन बेल्ट , सीवर , ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इस सेक्टर में 2000 से ज्यादा 5 प्रतिशत के भूखंड है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-145 में करीब 18 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने का काम अगले महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा। इस सड़क के बनने से लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी. नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने के लिए पिछले महीने टेंडर जारी किया गया था। इस टेंडर की तकनीकी बिड खुली चुकी है. अब फाइनेंशियल बिड खोली जानी है।

**जल्दी पूरे होंगे काम:** नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह में फाइनेंशियल बिड खोल दी जाएगी. जो एजेंसी सबसे कम रेट देगी, उसको सड़क बनाने का जिम्मा दिया जाएगा। यह प्रक्रिया फाइनेंशियल बिड खुलने के अगले 15-20 दिन में पूरी कर ली जाएगी। 18 किलोमीटर लंबी इस सड़क को बनाने में 24 करोड़ रुपये के आसपास खर्च किया जाएगा. माना जा रहा कि काम शुरू होने पर अगले चार-पांच महीने में सड़क बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

**प्राधिकरण ने 31 साल बाद जमीन पर लिया था कब्जा :** सेक्टर-145 में जिस जमीन पर अब प्राधिकरण सड़क बनाने और अन्य काम करने जा रहा है, पहले इस पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस साल जून में अथॉरिटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 31 हेक्टेयर जमीन से कब्जा हटाया था।

**किसानों को पांच प्रतिशत भूखंड दिए जाने का प्रस्ताव:** यहां पर 2200 से ज्यादा किसानों को पांच प्रतिशत के भूखंड दिए जाने प्रस्तावित हैं. किसान काफी समय से जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले पांच प्रतिशत भूखंड की मांग कर रहे हैं। इस जमीन से संबंधित केस का निर्णय नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में आया था।

**नाला बनाने के लिए कितना बजट?:** नाला बनाने के लिए करीब 63 करोड़ रुपये की लागत आएगी. सीवेज पंपिंग स्टेशन बनेंगेअधिकारियों ने बताया कि सड़क और नाले के अलावा सीवेज पंपिंग स्टेशन व लाइन भी बिछाई जानी प्रस्तावित है। इस काम पर 9 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत आएगी. इसके अलावा बिजली विभाग से जुड़े काम, खंभे लगाने, स्ट्रीट लाइटें लगाने, समेत अन्य काम पर करीब 14 करोड़ रुपये का खर्च करने का अनुमान है।

## सोसाइटी में पानी की आपूर्ति बाधित, टैंकर के भरोसे निवासी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी में जलापूर्ति बाधित होने से निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निवा. सियों का आरोप है कि सोसाइटी में शनिवार को करीब तीन बार पानी की आपूर्ति कई घंटों तक बाधित रही। रात में पानी के टैंकर भी मंगाए गए। उसके बाद भी सभी घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी।

निवासी विशाल ने बताया कि सोसाइटी में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे जलापूर्ति बाधित हुई। जब लोगों के घरों में पानी खत्म होना शुरू हुआ तो उन्होंने बिल्डर प्रबंधन से शिकायत की। करीब 3 बजे दोबारा से लोगों के घरों में पानी आया, जो थोड़ी देर बाद ही आना बंद हो गया। छुट्टी दिन होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को दोबारा से जल की आपूर्ति शुरू की गई, जो फिर से थोड़ी देर बाद बंद हो गई। इस तरह रात में बिल्डर प्रबंध द्वारा पानी के टैंकर मंगाकर अंडरग्राउंड वाटर टैंक को भरा गया, लेकिन उससे लोगों की पूर्ति नहीं पड़ी। आरोप है कि लगातार हो रही पानी की समस्या से उन्हें परेशानी होती है। सोमवार से नवरात्रि का त्योहार शुरू हो रहा है। वहीं,निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में पिछले तीन महीने से पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोजाना दो से तीन घंटे तक जलापूर्ति बाधित हो जाती है, जिसके लोगों को परेशानी हो रही है। लगातार बिल्डर प्रबंधन शिकायत करने पर प्राधिकरण की सप्लाई में कमी का हवाला दिया जाता है।

# मशरूम मंगाया... बाउल में निकला चिकन

## युवक ने ऑनलाइन फूड किया था ऑर्डर -बोला- मैं शुद्ध शाकाहारी, मुझे नॉनवेज खिला दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप से वेज फूड ऑर्डर किया। वेज से जगह उसे नॉनवेज खाना मिला। युवक का कहना है कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी फूड एप के माध्यम से वेज मशरूम राइस बाउल मंगाया था।

हर बार की तरह इस बार भी मैंने ऑर्डर के आते ही खाना शुरू कर दिया। पहली बाइट खाने पर पता चला कि खाना नॉनवेज है। जबकि मैं शुद्ध शाकाहारी हूं। मेरा विश्वास टूट गया। मैंने जब पैकेट चेक किया तो उसमें एक पर्ची में मशरूम राइस लिखा था। तो दूसरी पर्ची में नॉनवेज राइस बाउल लिखा था। मैंने पुलिस में शिकायत की है। साथ ही फूड डिपार्टमेंट को भी जानकारी भेजी है।



सेक्टर डेल्टा-2 में रहने वाले संदीप ने 20 सितंबर को जोमैटो फूड डिलीवरी एप से केलिफोर्निया बरिटो से डाइट मशरूम मंगाया। खाने के दौरान उन्हें कुछ अलग सा महसूस हुआ। फिर मैंने अपने दोस्त को बुलाया। उसे चेक कराया तो पता चला कि मशरूम की जगह चिकन डिश है। फिर हमने ऑर्डर वाले बैग को देखा। तो उसमें दो पर्चियां पड़ी थी। एक में मशरूम बाउल लिखा था, तो दूसरी पर्ची में चिकन लगा था। ये देखते ही मैं दंग रह गया कि मैंने सही में नॉनवेज खा लिया। अब क्या होगा। मैं कैसे खुद को साफ करूं।

संदीप ने कहा- मैं शुद्ध शाक. ाहारी हूं। आज तक मैंने नॉनवेज तो छोड़ो, अंडा तक नहीं खाया है। मैं जिम करता हूं, तो मैं रेगुलर डाइट मशरूम खाता है और टाइमली लेता हूं। अधिकतर मैं ऑनलाइन फूड मंगाता हूं। पहले भी कई बार इसी रेस्टोरेंट से मशरूम मंगवा चुका हूं।

लेकिन इस बार मुझे बहुत दुख पहुंचा। मुझे धोखे से नॉनवेज खिलाया गया। मेरा धर्म भ्रष्ट हो गया। अब मैं क्या करूं। मुझे नॉनवेज खाने का बहुत कष्ट हुआ। इस तरह के रेस्टोरेंट और ऐप पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है।

**मेरी धार्मिक आस्था से खिलवाड़ किया:** मेरी धार्मिक से आस्था से खिलवाड़ किया गया है. मैंने पुलिस में शिकायत की है। साथ ही फूड डिपार्टमेंट को भी जानकारी भेजी है। जोमैटो और रेस्टोरेंट से इस मामले में संपर्क किया गया, लेकिन अभी तक कोई रिएक्शन नहीं मिला।

संदीप ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने रेस्टोरेंट और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को भी इसकी जानक. ारी दी जाएगी। संदीप ने इस गलती के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया- इस मामले में युवक से जानकारी ली जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आज थाना बीटा 2 क्षेत्रान्तर्गत बुलेटमोटर साइकिल पर निजी विश्वविद्यालय के तीन छात्र सवार थे जिनके नाम सागर पुत्र संजय सागर निवासी पंचवटी कॉलोनी गाजियाबाद उम्र लगभग 19 वर्ष, कुश पुत्र रामकुमार उपाध्याय निवासी खुदुरा थाना घमौर जिला गाजीपुर उम्र 21 वर्ष, समर्थ पुंडीर पुत्र सुनील पुंडीर निवासी सैटेलाइट कॉलोनी बरेली उम्र 18 वर्ष खाना खाने जा रहे थे, जिनकी चुहरपुर अंडरपास के पास सडक पर पेड़ो को पानी लगाते धीरे धीरे चल रहे पानी के भरे टैंकर से उनकी बाइक टकरा गई, और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सकों ने स्वयं सागर व कुश को मृत घोषित कर दिया गया तथा समर्थ पुंडीर गंभीर अवस्था में अन्य दूसरे निजी हॉस्पिटल रेफर किया गया जहाँ पर उसकी भी मृत्यु हो गई है, मृतको के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मृतकों के परिजन मौके पर मौजूद है।

### चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सोनू शर्मा बुलंदशहर के वीर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह परिवार के साथ कोतवाली दादरी क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में किराये के मकान में रहता है। बाजारों में फेरी लगाने का काम करता है। उसका पत्नी चंचल से कई माह से गलत चाल चलन के चलते विवाद चल रहा था। रविवार सुबह 4 बजे के करीब चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी।

### घर में झांकने का विरोध किया, तो लाठी-डंडों से पीटा, चार गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के छिजारसी गांव में एक व्यक्ति को गांव निवासी युवक के झांकने का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मकान मालिक के दो पुत्रों का आईसीयू में उपचार चल रहा है। छिजारसी गांव निवासी पवन कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 12 बजे उनके घर में गांव निवासी मनीष चोरी के इरादे से ताक-झांक करने लगा। किराएदार निशांत द्वारा विरोध करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज करने लगा। तभी पास में बैठा शिकायतकर्ता का बड़ा बेटा शुभम शर्मा बीच-बचाव कराने लगा। आरोपी ने मनीष ने उसे धमकी दी और चला गया। थोड़ी देर बाद किराएदार निशांत ने शिकायतकर्ता के छोटे पुत्र प्रियम के पास फोन करके बताया कि कुछ लोग घर पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर झगड़ा कर रहे हैं। प्रियम वहां पहुंचा और उसने देखा कि लोग उसके बड़े भाई शुभम और किराएदार निशांत को लाठी-डंडों, रॉड और ईंट से पीट रहे थे। मौके पर आरोपी मनीष, दानिश, मोहित प्रजापति, अमरजीत और पंकज के अलावा अन्य लोग शामिल थे। प्रियम ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। इसके चलते दोनों भाईयों और किराएदार को गंभीर चोट आई हैं। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों के आते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित के मुताबिक, उनके दोनों पुत्र का आईसीयू में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरो. पियों में मनीष यादव, मोहित प्रजापति, अमरजीत और पंकज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### विधायक ने जनता की समस्याएं सुनीं

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में दादरी विधायक तेजपाल नागर ने रविवार को ईटा स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। छुट्टी का दिन होने के कारण सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक कार्यालय में ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट बिसरख क्षेत्र के निवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। तेजपाल नागर ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि जनता से जुड़ना उनके कार्य का मूल मंत्र है। उन्होंने जनसंपर्क और जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## पांच महीने में ही टूटी सेक्टर-62 गोलचक्कर की सड़क

**नोएडा।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर करीब पांच महीने पहले बनाई सड़क की रोड़ी उखड़ गईं। यहां गोलचक्कर छोटा कर सड़क बनाई गई थी। सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं। यह सड़क नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल ने बनवाई थी। यह गोलचक्कर बड़ा होने से यहां अक्सर जाम लगता था। एक्सप्रेसवे से नोएडा शहर में आते व जाते समय यहां वाहन फंसते थे। इसकी वजह यह भी थी कि यहां ऑटो व ई-रिक्शा वालों का जमघट भी लगता है। जाम में कमी लाने के लिए गोलचक्कर को छोटा किया गया था।

गोलचक्कर छोटा कर चारों ओर नए सिरे से सड़क बनाई गई थी। इस सड़क को बने हुए करीब पांच महीने का समय हो चुका है। अब इस सड़क की रोड़ी उखड़ने लगी हैं। इससे यहां अब काफी धूल भी उड़ने लगी है। लोग परेशानियां उठाते हुए गोलचक्कर से निकल रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सेक्टर-77 प्रतीक विस्टीरिया सोसाइटी में रहने वाले अमित गुप्ता ने कहा कि सड़क की कंक्रीट करीब चार-पांच साल तक खराब नहीं होती है। यहां चार-पांच महीने में खराब होने लगी।

# मंदिर से लेकर घरों में विराजमान होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज शहर में मंदिर से लेकर लोगों के घरों तक में मां दुर्गा और कलश की स्थापना होगी। इसके लिए मंदिरों लेकर घरों में साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। मंदिरों में फूल-माला और रंग-बिरंगी लाइट से सजाया जा रहा है। सोमवार को नवरात्र के पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चाना की जाएगी। आचार्य पंडित प्रकाश जोशी ने बताया कि मां दुर्गा को समर्पित नौ दिनों का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहे हैं। इस साल का शारदीय नवरात्र 10 दिनों के है। पूजा के पहले दिन कशल स्थाना का शुभ मुहूर्त सुबह छह बजकर नौ मिनट से लेकर सुबह आठ बजकर छह मिनट तक है।

इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट के मध्य भी कलश स्थापना कर सकते हैं। पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा होगी। फिर दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। उन्होंने बताया कि उदय कालिक मान्यताओं के अनुसार कुछ भक्त तीसरे नवरात्र को दो दिन मान रहे हैं और वहीं कुछ भक्त चौथे



नवरात्र को दो दिन मान रहे हैं। उन्होंने बताया की 25 की सूर्य उदय के बाद चतुर्थी का समय शुरू हो रहा है। इसके बाद 26 की रात तक चतुर्थी है। ऐसे में चतुर्थी दो दिन पड़ रही है। वहीं सेक्टर-40 शक्ति धाम मंदिर के आचार्य ज्ञान प्रकाश ने बताया कि मंदिर को फूल-मालाओं से सजा दिया गया है। मंदिर में शाम के समय महाआरती होगी। फिर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद कीर्तन होगा। भक्तों की सुविधा अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी लगाए गए है। अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई है। इसी तरह सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में भी सभी तैयारियां कर ली गई है। मंदिर को फूल-माला और रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया। इसी तरह सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-56 लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर-40 समाधन मंदिर, सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर समेत शहर के तमाम मंदिर सजाए गए है। पूजा की सामंग्री खरीदने की बाजार में भी रही भीड़ शहर के बाजारों में रविवार को पूजा की दुकानों पर काफी भीड़ रही। लोगों ने पूजा की सामंग्री की खरीदारी की। इसमें चुनरी, कलश, नारियल, दुर्गा प्रतिमाएं, लौं, इलाइची, अगरबत्ती व धूपबत्ती समेत तमाम सामंग्री की खरीदारी करते रहे। शहर के भंगेल, सलारपुर, चौड़ा, छलेरा, अटटा व निठारी तमाम बाजारों में पूजा की सामंग्री खरीदने की भीड़ रही।

# ई-साइकिल योजना फेल! 62 डॉक स्टेशन जमींदोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ई-साइकिल योजना महज कागजों तक ही सीमित रह गई। इस योजना की शुरुआत साल 2021 में शहर के लोकल ट्रांसपोर्टेशन को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी।

इसके तहत विभिन्न कामर्शियल, औद्योगिक, संस्थागत और प्ज सेक्टर की सड़कों पर 62 डॉक स्टेशन बनाए गए। हरएक स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया था कि उसमें आसानी से10 ई-साइकिल आराम से खड़ी की जा सके लेकिन, 5 साल बीत जाने के बावजूद यह योजना पूरी तरह विफल साबित हुई। केवल जमीन घेरने का साधन बनकर डॉक स्टेशन रह गए।

**दो करोड़ रुपयों का आया था खर्चा:** बताया जा रहा है कि इन डॉक स्टेशनों के निर्माण में लगभग 2 करोड़ रुपयों का खर्चा किया गया था। ई-साइकिल चार्जिंग के लिए UPPCL से बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध कराया गया। यह योजना 2023 आते-आते ठप हो गई।

**घाटे का सौदा साबित हुए 62 डॉक स्टेशन:** विशेषज्ञों की माने तो नोएडा की जमीन बेहद कीमती है। कियोस्क जैसी योजनाओं से प्राधिकरण को हर साल यहां करोड़ों का राजस्व मिलता है। नोएडा की प्राइम लोक. ेशन पर बने 62 डॉक स्टेशन प्राधिकरण के लिए घाटे का सौदा साबित हुए। करीब 550 वर्गमीटर जमीन पर बने ये स्टेशन अन्य योजनाओं के लिए इस्तेमाल होते तो ना केवल राजस्व बढ़ता बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभ पहुंचता।

**लंबित रह गया मामला:** योजना की शुरुआत में दावा किया गया था कि इस योजना से करीब 1125 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। साइकिलें एक महीने भी नहीं चलने से ये टारगेट भी अधूरा रह गया। जानकारी के मुताबिक 5 साल तक एनटीसी विभाग ने केवल नोटिस जारी करने तक ही कार्रवाई सीमित रखी। कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू तो हुई, लेकिन हर बार कंपनी के निदेशक बदल दिए गए और मामला लंबित रह गया।

# युवती से बदसलूकी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में जिम करके लौट रहे युवकों के बीच हुई मारपीट की घटना के मामले में युवती की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर दूसरे पक्ष के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि, प्रोव्यो टेको सिटी सोसायटी का लो. केश 11 सितंबर की रात 10 बजे जिम करके घर लौट रहा था। उसने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी कि निंबस सोसायटी की मार्केट के पास खड़े 10 से 12 लड़कों ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे।

मामले में लोकेश ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बाविंदर, भारत व सचिन नाम के युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसके बाद एक युवती ने लोकेश के ऊपर बदतमीजी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दी। युवती का आरोप है कि लोकेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ बदतमीजी की थी। सचिन व उसके दोस्त बचाव में आए थे। लोकेश ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर सचिन व उसके साथियों के साथ मारपीट की थी। युवती ने लोकेश के साथ-साथ उसके साथी रकम, दीपांशु व आशीष के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए दीपांशु व आशीष को गिरफ्तार किया है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ आयोजन है। इसे सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध व समन्वित तरीके से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना हम सबकी प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप कार्य का निर्वहन सुनिश्चित करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों द्वारा ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

होटल दरें निर्धारित दरों के अनुसार ही रहेंगी, जिसके लिए नोडल अधिकारी ग्रेटर नोएडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। एआरटीओ को 100 बसों की सूची चालकों सहित उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, हैलीपैड का कार्य समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई।

फायर सेफ्टी एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाएं संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। स्टेज एवं हैलीपैड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा ड्यूटी रोस्टर आदेश आज ही उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

ट्रैफिक विभाग ने यातायात व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिलाधिकारी द्वारा साइनेज की सूची उपलब्ध कराने, खराब वाहनों को हटाने हेतु प्वाइंट तय करने एवं जेसीबी-हाइड्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की उपलब्धता भी ट्रैफिक विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।



जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु जिला अभिहित अधिकारी को होटल, फूड स्टॉल एवं लाउंज में फूड सेफ्टी ऑफिसर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा नेटवर्क सुविधा रिलायंस एवं जियो के माध्यम से सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी, निवेशक, विदेशी प्रतिनिधि और आमजन इस आयोजन से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया, होर्डिंग, पोस्टर, रेडियो एवं अन्य सभी माध्यमों के जरिए प्रचार-प्रसार अभियान को गति दी जाए, जिससे प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षमता की झलक देश-दुनिया तक पहुँचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले सभी आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करने पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में एसीओ ग्रेटर नोएडा श्रीलक्ष्मी, वंदना त्रिपाठी, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, एडीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला मनो. रंजन कर अधिकारी जेपी चन्द, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार सहित विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# उप्र में भ्रष्टाचार चरम परः शिवपाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी और विभागों में बैठे बाबू जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष को सबक सिखाएगी। रविवार को शामली में आयोजित कार्यक्रम में शिवपाल यादव ने कहा कि संविधान का पालन करना जरूरी है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग न तो संविधान को मानते हैं और न ही लो. कतंत्र को। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट की बड़े पैमाने पर चोरी की गई है। एक-एक घर में पांच-पांच सौ फर्जी वोट पकड़े गए, जबकि सही वोट काट दिए गए। इसमें खासतौर से इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के वोटों को निशाना बनाया गया। इस मुद्दे का विरोध संसद से लेकर सड़क तक हो रहा है।

उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि वह एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के रूप में कार्य करे, फर्जी वोट काटे और निष्पक्ष वोटर सूची तैयार कराए। शिवपाल यादव ने कहा कि वोट चोरी के बावजूद उत्तर प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को नंबर एक पर पहुंचाया है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रालोद से गठबंधन की संभावनाओं पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि धोखेबाजों से दूरी ही बेहतर है। शिवपाल यादव को शामली के चौधरी चरण सिंह कालोनी स्थित एमएलसी किरणपाल कश्यप के आवास पर स्वागत किया गया। मौहल्ला हरदेव नगर स्थित धीरज तोमर के आवास पर भी जोरदार स्वागत किया गया। शिवपाल यादव ने सपा नेता कुलद. ीप चौधरी के दुर्घटना में घायल होने पर स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

**उधर,** जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का भौंरा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सलेक चंद, प्रकोष्ठ, भूपेन्द्र सैनी, नफीस राणा, सत्यवान चौधरी, बिट्टू पांच. ाल, गुड्डू सरसावा, जावेद जंग, किरणपाल मलिक, खुशनूद, मुनत्याज, विनीत पिंडौरा, नीरज पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# गूगाल में रागिनी कंपटीशन का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर में चल रहे मेला गूगाल के तहत आयोजित रागि. नी कंपटीशन का बेसबरी से इंतजार किया जा रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ हुई। मंच पर पहुंचे मशहूर कलाकारों केशव गुर्जर, पेप्सी शर्मा, मुस्कान बेबी, आरसी उपाध्याय, कशिश चौधरी और रेनू चौधरी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को खूब आनंदित किया। मेला कमेटी के सदस्य बॉबी अरोड़ा, महबूब, महावीर सिंह, दिनेश कुमार, सभासद देवेंद्र सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जैसे ही कार्यक्रम आगे बढ़ा, वैसे-वैसे दर्शकों की भीड़ बेक. ाबू होती गई। हजारों की संख्या में उमड़े दर्शक मंच के करीब पहुंचने लगे, जिससे मंच प्रबंधन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। भीड़ को संभालने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम न होने के कारण बार-बार अव्यवस्था फैलती रही।कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई और कई बार रागिनी को बीच में रो. कना पड़ा। ध्वनि व्यवस्था और भीड़ के शोरगुल के कारण कई कलाकारों को अपनी प्रस्तुति अधूरी ही छोड़नी पड़ी।हालांकि इस दौरान जिकन ने अपनी मधुर रागिनियों से माहौल को संभालने की कोशिश की और श्रोताओं को मार्गदर्शन देते हुए कार्यक्रम को रोचक बनाने का प्रयास किया, लेकिन दर्शकों की अव्यवस्थित भीड़ के कारण कार्यक्रम उम्मीद के मुताबिक सफल नहीं हो सका। लोगों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई, जो रागिनी की लोकप्रियता का प्रमाण है, लेकिन बेहतर प्रबंधन के अभाव में यह शानदार आयोजन बार-बार बाधित होता रहा और अंततः असफल साबित हुआ।

# किसान संघ के एक दिवसीय प्रशिक्षण में सैकड़ों किसानों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भारतीय किसान संघ द्वारा विकासखंड मे एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य किसानों को विषमुक्त खेती, नशामुक्त समाज और गो-आधारित जैविक खेती की दिशा में मार्गदर्शन करना रहा।कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुनील सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम सत्र विभाग के रामपाल सिंह ने लिया, जिन्होंने जैविक खेती की उपयोगिता पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में जैविक प्रमुख रामबीर सिंह ने किसानों को गोबर व गौमूत्र के महत्व से अवगत कराया।सुनील सिंह ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव की पगडंडी से होकर गुजरता है। चतुर्थ सत्र महिला बबीता चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्एक किसान को अपने घर में गाय पालनी चाहिए, क्योंकि गाय से प्राप्त मूत्र और गोबर से जैविक खेती को बढ़ावा मिलता है।इस दौरान सभी किसानों को संगठित होकर खेती को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन देशराज शर्मा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान किसानों ने जैविक खेती अपनाने का संकल्प लिया।



# बैठक में जाट समाज की समस्याओं पर जताई चिंता

**शामली।** रविवार को शहर के धीमानपुरा स्थित अखिल भारतीय जाट महासभा के कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जाटों की विभिन्न समस्याओं और समाज में फैली बुराईयों को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया। रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में अखिल भारतीय जाट महासभा जाट समाज के हितों में कार्य करने का काम कर रही है। जाटों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं को उठा रही है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बैठके की जा रही और समाज में फैली बुराईयों को दूर करने का भी आहवान किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जाटों ने हमेशा देश हित में कार्य किया और आगे भी देश को मजबूत करने का काम कर रही है। इसके अलावा युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोग खोडसमा में आयोजित पंचायत के लिए रवाना हुए। मौके पर सौरभ कालंखांडे, गौरव निर्वाल, उज्जवल राणा, मनीष अहलावत, गौरव धामा, हर्ष हुडडा, कार्तिक बालियान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूरे कस्बे में खराब पड़े हैं सरकारी नल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं कस्बे में सरकारी नल खराब पड़े हैं नालियों पर चौनल टूटे पड़े हैं इस संबंध में कस्बे वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं दर्जनों सरकारी नल खराब पड़े हैं जिसे पीने के पानी की समस्या बनी हुई है नालियों पर चौनल टूटे पड़े हैं मेंन बाजार में पुरानी पुलिस चौकी के पास करीब एक माह से चौनल टूटी पड़ी है इसके अलावा स्ट्रीट लाइट भी खराब पड़ी है जिससे अंधेरा छाया रहता है। कई बार नगर पंचायत के कर्मचारियों को समस्या के समाधान के बारे में अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।इस संबंध में समाजसेवी जगमेर शर्मा ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है।

### अफकार इंडिया फाउंडेशन ने दिया युवाओं के साथ शांति का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विश्व शांति दिवस के अवसर पर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने युवाओं के साथ मिलकर शांति का संदेश दिया। संस्था ने कस्बे के यूनिक इंटर कॉलेज में निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामली,कांधला, कैराना, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना तथा बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें 73 बच्चों ने वाद-विवाद में और 97 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।अफकार इंडिया फाउंडेशन के निदेशक अकरम अख्तर ने युवाओं को शांति और सद्भावना की राह पर आगे बढने का संदेश देते हुए विश्व शांति दिवस के बारे में जानकारी दी। विजेता छात्र छात्राओं को नगद पुरस्कार और किताबें सहित उपहार भेंट किए गए।इस दौरान राहुल कुमार, आबिद मजीदी, रूपक कुमार, बिलाल अहमद, यासमीन, बिलाल चौधरी, आयशा, शकील, फिरदौस, गौतम भारती, सानिया,सहित आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल हैक कर की रुपयों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक युवक का मोबाइल फोन हैकर ने हैक कर परिचित लोगों से रूपयों की मांग की गई पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी महताब पुत्र अय्यूब ने बताया कि किसी अज्ञात ठग ने उसके मोबाइल को हैक कर लिया है। अब हैकर के द्वारा उसके परिचित लोगों से पीड़ित का नाम लेकर रूपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित के एक परिचय ने फोन कर पीड़ित को फोन हैक होने की जानकारी दी। पीड़ित ने आनन-फानन में थाने पहुंचकर तहरीर देकर हैकर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए ठग की तलाश शुरू कर दी है।

### विभिन्न स्थानों से महिला व युवक ने लगाया पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव मीमला निवासी नेहा पत्नी कपिल ने बताया कि पड़ोसी युवक पीड़िता के घर में घुस गया और आते ही गाली गलौज करते हुए पीड़िता के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबे की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए पड़ोसियों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। दूसरी और कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी तनवीर ने बताया कि उसके पड़ोस के तीन भाइयों ने पीड़ित को पड़कर उसके साथ मारपीट की है।पीड़ित ने तीनों भाइयों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### अमावस्या के मौके पर भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को अमावस्या के मौके पर शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को अमावस्या के मौके पर कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांतिकेयर हॉस्पिटल के बाहर प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान द्वारा विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। कुशांक चौहान ने बताया कि प्रत्एक माह हॉस्पिटल की ओर से प्रसाद वितरित किया जाता है। प्रत्एक अमावस्या पर भजन कीर्तन व प्रसाद का वितरण किया जाता है। मौके पर प्रभात भार्गव, आलोक चौहान, डॉक्टर जनेश्वर चौहान, विपिन चौहान, श्वेता, अलका, विनोद कुमार, रोहित कुमार, राकेश सैनी, वंश मेहरा, रवि चौहान, आलोक चौहान मौजूद रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों से भक्तिमय हुई शामली नगरी

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सभी भक्तों ने संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल अनिल रेनू बंसल जीवन लाल अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल नीतू बंसल नरेंद्र गोयल आदि भक्त मौजूद रहे।



महा आरती शामली

### रामलीला महोत्सव में देर रात्रि में फुलवारी लीला का सुन्दर मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वे रामलीला महोत्सव मे देर रात्रि में फुलवारी लीला का सुन्दर मंचन किया गया। जिसमें भगवान राम चन्द्र का अभिनय रामलीला मंच के होनहार कलाकार आकाश धीमान के द्वारा किया गया तथा भईया लक्ष्मण का अभिनय उज्जवल नामदेव के द्वारा किया गया तथा माता सीता का अभिनय वंश राजपूत के द्वारा किया गया। सभी कलाकारों ने अपने सुंदर अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। कल रात्रि की फुलवारी लीला में दर्शकों की भारी भीड़ रही। अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, सुखचौन वालिया, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, राहुल दीवाना, दीपक सैनी, सुनील अरोड़ा टम्मी आदि उपस्थित रहे।



रामलीला महोत्सव शामली

### नवरात्रों पर बाजारों में हुई जमकर खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शारदीय नवरात्रों की तैयारी के लिए बाजारों में जमकर खरीदारी की गई। बाजार माता रानी की प्रतिमाओं, श्रंगार का सामान आदि से सजे है। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती आदि की खरीदारी की गई। नवरात्रों को लेकर मंदिरों में साफ सफाई करने के साथ ही रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया।

नवरात्र के दौरान माता रानी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु कलश स्थापना, अखंड ज्योति, माता की चौकी आदि तरह के पूजा अर्चना करते हैं। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बाजारों में खरीदारी करने के लिए महिलाएं पहुंची। जिन्होंने विभिन्न प्रकार की मन मोह लेने वाली सांझी मां के साथ उसके भाई और टिकली आदि खरीदी। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीदी। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है, इसलिए बाजार में कुट्टू, फल, व्रत के अन्य सामानों की भी दुकानें सज गई है। नवरात्रों को लेकर देवी मंदिरों में भी तैयारियां की गई। साफ सफाई के साथ मंदिरों को भव्य आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर प्रबंधक कमैटी द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के सब्जी मंडी स्थित अटठे वाला देवी मंदिर, शहर के राजो मौहल्ला स्थित चौदस वाला देवी मंदिर, रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण मंदिर में नवरात्रों को लेकर साफ सफाई की गई। साथ ही मंदिरों को भव्य रूप से रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया। शारदीय नवरात्रों को लेकर बाजारों में भी माता रानी के श्रृंगार के सामान की जमकर खरीदारी की गई। सोमवार को घट यात्रा के साथ ही कलश स्थापना होगी। इसके अलावा देर रात्रि में माता रानी की झांसी भी निकाली गई।



नवरात्र पर सजी मां की प्रतिमा

# मेधावी छात्र-छात्राएं व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट द्वारा शहर के आरके इंटर कालेज में मेधावी छात्र-छात्रा व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मॉमेंटों देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के आरके इंटर कालेज में वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा। सतेन्द्र वर्मा, विशिष्ठ अतिथि रामकुमार वशिष्ठ, पवन कंसल, पंडित उमादत्त शर्मा, चौधरी देवी सिंह, सिद्धार्थ वर्मा, नितिन वर्मा, संजीव मलिक ने कार्यक्रम का शुभारांभ किया। संस्था द्वारा गत वर्ष बोर्ड में परीक्षाओं में उत्तीर्ण स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर प स्मारिका पत्रिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर संजीव मलिक, सतेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह, रिशीपाल पंवार, विनोद मलिक, आशीष कुमार, सुधीर निर्वाल, पुष्पेन्द्र हुडडा, नीरज बेनिवाल, श्रवण कुमार, उमादत्त आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग की 30 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के टोडा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है। बावजूद इसके, प्रभावशाली लोग अपनी निजी भूमि की आड़ लेकर करीब 30 बीघा वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति भविष्य में बड़े विवाद को जन्म दे सकती है। प्रशासनिक लाप. रवाही से गांव के लोग परेशान हैं और लगातार शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी सतेन्द्र पुत्र इकबाल निवासी ग्राम टोडा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने कई बार अधिका. रियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया गया कि हल्का लेखपाल जानबूझकर भूमि की पैमाइश नहीं कर रहा है और पीड़ित को गुमराह कर रहा है। सतेन्द्र ने कहा कि उसे साफ शब्दों में कहा जा रहा है कि साठगांठ के कारण कोई कार्रवाई नहीं होगी। वहीं एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दंगल के आखिरी दिन भिड़े पहलवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मेला गुगल में आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आज आखिरी दिन रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राव वारिस रहे, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को सम्मानित किया। आखिरी दिन पहलवानों ने अपनी दमदार पकड़ और शानदार दांव.पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब तक हुए दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जलालाबाद के जाकिर पहलवान को प्रथम पुरस्कार दिया गया। गंगोह के जावेद पहलवान द्वितीय पुरस्कार के हकदार बने, जबकि कैराना के नसीम पहलवान ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। आज के अखाड़े में हुई बड़ी कुश्तियों में गंगोह के जावेद पहलवान और रो. हतक के पाल पहलवान के बीच हुई 3100 रूपए की कुश्ती बराबरी पर छूटी। इसी तरह कैराना के नसीम और हरियाणा के मोहित की 2100 रूपए की कुश्ती भी बराबरी रही। लुहारी के अजहर और हरियाणा के सचिन की 1100 रूपए की भिड़ंत भी बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई।वहीं बापौली के ग"यूर पहलवान ने रोहतक के आर्यन को 1100 रूपए की कुश्ती में हराकर जीत दर्ज की। जलालाबाद के अभिषेक और हरियाणा के अभिषेक के बीच हुई 700 रूपए की कुश्ती में हरियाणा के अभिषेक ने विजय हासिल की। इसके अलावा जाकिर जलालाबाद और वंश रोहतक की 2100 रूपए की भिड़ंत तथा देव द्धरोहतकऋ और कैफ लुहारी की 700 रूपए की कुश्ती बराबरी पर रही।मेला गुगल का यह दंगल परंपरा और खेल भावना का अद्भुत संगम रहा। आखघ्रि दिन हजारों दर्शकों ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया और खेल का आनंद लिया।

# सरधना में शाह टाइम्स के नए कार्यालय का शुभारंभ

## पाठकों व शुभचिंतकों में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार को सरधना में तहसील रोड पर शाह टाइम्स के नए कार्यालय का उद्घाटन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर मौजूद पाठकों ने अखबार के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षो से अखबार ने जनता की के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है, हर मुद्दा अखबार में छपता है, जिससे पाठकों में अखबार से अलग ही जुड़ाव है।

तहसील रोड पर थाने के पास शाह टाइम्स के शुभारंभ पर पहुंचे जिला प्रभारी शाहवेज खान व देहात प्रभारी डॉ. नदीम अनवर का वहां मौजूद लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यालय का उद्घाटन जिला प्रभारी शाहवेज खान, डॉक्टर नदीम अनवर, सरधना अध्यक्ष निजाम अंसारी, समाजसेवी शाहरुख उर्फ बंटी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान शाहवेज खान ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से शाह टाइम्स जनहित के मुद्दों की आवाज बन रहा है अपनी निर्भीक और बेबाक पत्रकारिता के दम पर आज शाह टाइम्स तीन राज्यों में आठ संस्करण के रूप में मौजूद है और आगे भी जनहित के मुद्दों के साथ शाह टाइम्स 'खबरें छुपाता नहीं छपता है' के स्लोगन को जिंदा रखेगा। उन्होंने कहा कि सरधना में अब शाहीन परवेज को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है उम्मीद है वह अपनी कलम का सही उपयोग करेंगे और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान भी देर शाम कार्यालय पर मुबारकबाद देने पहुंचे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी, शाहरूख उर्फ बंटी कुरैशी, वसीम मलिक, रहीसुदीन उर्फ मुन्ना, मोहसीन अंसारी, शाह आलम बेग, सुल्तान महताब मिर्जा, शहजाद मिर्जा, अनस मिर्जा, इलयास अहमद एडवोकेट, प्रशांत त्यागी एडवोकेट, अरूण जैन, शोभित जैन, आदिल अब्बासी, एडवोकेट शबाना मलिक, आकांक्षा सिसौदिया आदि मौजूद रहे।




# कल्याण करोति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन

**मथुरा।** स्व. मेघ अग्रवाल की पुण्य स्मृति में, संयोजक महेश अग्रवाल (राजस्थान ज्वैलर्स) के सौजन्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आज श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधानमंत्री सुभाष चन्द अग्रवाल ''सिक्का'' ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर समाजहित में अत्यंत उपयोगी हैं श्री महेश अग्रवाल द्वारा विगत कई वर्षों से कल्याणं करोति के माध्यम से निरंतर नेत्र षिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस परंपरा ने न केवल हजारों नेत्र रोगियों को ज्योति प्रदान की है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की मिसाल भी कायम की है। कल्याणं करोति पिछले चार दशकों से नेत्र स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सेवा और समाज के वंचित वर्गों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष हजारों निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन किए जाते हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को नेत्र ज्योति मिलती है। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान आने वाले समय में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। मंच का संचालन राजीव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सात्विक उपाध्याय ने कहा कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर–दराज के क्षेत्रों से आये कुल 201 रोगियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया गया, जिसमें से 65 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विषेष चिकित्सीय टीम द्वारा की गई।

# सलावा कांड पर चुप विधायक अतुल प्रधान गुर्जर समाज के समर्थन में उतरे खुलेआम

## मुस्लिम समाज में उठ रहे सवाल, फेसबुक पोस्ट का स्क्रीनशॉट वायरल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सलावा गांव में ठाकुर और मुस्लिम समाज के बीच हुए बवाल के बाद तनावपूर्ण शांति कायम है। इस पूरे घटनाक्रम में सरधना विधायक अतुल प्रधान की चुप्पी नई सियासी बहस का मुद्दा बन गई है। मुस्लिम समाज, जिसने विधानसभा चुनाव में खुलकर अतुल प्रधान का साथ दिया था, अब उनकी खामोशी से नाराज दिख रहा है। इसी बीच सरधना विधानसभा के गांव कपसाड़ का विवाद भी तूल पकड़ चुका है। यहां हाल ही में बने 'राजपूत मिहिर सम्राट भोज स्मृति द्वार' को लेकर राजपूत और गुर्जर समाज आमने–सामने हैं। इस द्वार का उद्घाटन पूर्व विधायक संगीत सोम के पिता ओमवीर सिंह ने किया था। गुर्जर समाज का आरोप है कि शिलालेख पर दर्ज नाम इतिहास से छेड़छाड़ है। उनका कहना है कि इसमें संशोधन कर 'गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज' लिखा जाए।



Atul Pradhan
5m

दादरी में गुर्जर समाज के जो लोग शाँति पूर्वक पंचायत के लिये जो लोग एकजुट हुए जिन्हे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया था उन्हें जल्द हिरासत से छोड़ा जाये ! समाज में इस कार्यवाही से बहुत आक्रोश है ! हम सब उन सभी के जल्द रिहा करने की माँग करते है !
#जय_भीम
#जय_संविधान
Chief Minister Office Uttar Pradesh Ssp Meerut

Kp Singh Smoliya Durveshpur + 164 10 comments

Like Comment Share

रविवार को दादरी गांव में गुर्जर समाज की पंचायत हुई, जिसमें प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया। इसी दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई से गुर्जर समाज में आक्रोश फैल गया। विधायक अतुल प्रधान इस बार खुलकर गुर्जर समाज के साथ खड़े नजर आए। उन्होंने फेसबुक पर लिखा ''दादरी में गुर्जर समाज के जो लोग शांतिपूर्ण पंचायत के लिए एकजुट हुए थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया, उन्हें जल्द रिहा किया जाए। इस कार्रवाई से समाज में आक्रोश है, हम उनकी रिहाई की मांग करते हैं।'' अतुल प्रधान की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। अब सवाल उठ रहे हैं कि जब सलावा कांड में मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा उनके समर्थन की जरूरत थी, तब वे मौन क्यों रहे? लेकिन गुर्जर पंचायत पर वे तुरंत खुलकर सामने आ गए।

सियासी गलियारों में चर्चा है कि अतुल प्रधान की यह रणनीति कहीं उनके पारंपरिक वोट बैंक को नाराज न कर दे। फिलहाल सलावा पर खामोशी और गुर्जरों के समर्थन में आक्रामक बयानबाजी ने मेरठ की राजनीति में नई हलचल मचा दी है।

# संस्कृति के विद्यार्थी बनेंगे उद्यम की दुनियां में चेंज मेकर

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने अशोका दृ इनोवेटर्स फॉर द पब्लिक और कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (सीडीएफ), नई दिल्ली के साथ साझेदारी में यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव (यूसीआई) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी) और सामाजिक उद्यमिता में भविष्य के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव के अंतर्गत क्षमता–विकास कार्यशालाएँ, उद्योग विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, और नवाचार चुनौतियाँ शामिल होंगी। इसके साथ, संस्कृति विश्वविद्यालय एआई–आधारित नवाचार और सामाजिक प्रभाव को उच्च शिक्षा में समाहित करने में अग्रणी संस्थान के रूप में लगातार नए कदम उठा रहा है। इस पहल का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में सीडीएफ द्वारा आयोजित एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ हुआ, जिसने नवाचारकों, समस्या–समाधानकर्ताओं और सामुदायिक लीडर को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण यात्रा की शुरुआत की। लॉन्च के दौरान चेंजमेकर लीग प्रस्तुत की गई। यह एक इंटरएक्टिव मंच है जहाँ छात्र टीमें एआई आधारित समाधान तैयार कर वास्तविक साम. ुदायिक चुनौतियों का सामना करेंगी। आने वाले महीनों में टीमें स्थानीय महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करेंगी, नवीन परियोजनाएँ विकसित कर उनका परीक्षण करेंगी और अपने परिणाम स्पार्क 2026, राष्ट्रीय सामाजिक परिवर्तन प्लेटफार्म पर प्रस्तुत करेंगी। इस पहल में चेंजमेकर दोस्त नामक एक एआई–संचालित डिजिटल साथी भी शामिल है, जिसे सीडीएफ ने तैयार किया है। यह छात्रों को आत्म–चिंतन, कहानी कहने और सहयोगात्मक समस्या–समाधान में मार्गदर्शन करेगा। शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक सामा. जिक नवाचार ढाँचे के साथ जोड़ते हुए, यह कार्यक्रम छात्रों में सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व, उद्यमी सोच और उन्नत तकनीकी कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखता है, जिससे वे समावेशी और टिकाऊ समाधान बना सकें। इस भविष्योन्मुखी योजना के प्रारंभ के अवसर पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता, चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय ने कहा कि यह पहल हमारे छात्रों में नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डा.गजेंद्र सिंह ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अशोका और सीडीएफ के साथ सहयोग छात्रों को कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक जीवन में लागू करने का उत्कृ ष्ट अवसर प्रदान करता है।

# फलावदा में धूमधाम से निकाली गई राम बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में रामलीला मंचन के तहत रविवार को श्री राम बारात की शोभायात्रा आकर्षक झांकियों व कई बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। राम बारात का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेपी ग्रुप मेंरठ के डायरेक्टर विशाल अग्रवाल, भाजपा नेता आलोक सिसोदिया ने संयुक्त रूप से श्री राम और लक्ष्मण बने कलाकार को तिलक करते हुए पूजा अर्चना कर आरंभ कराई है। श्री राम की शोभायात्रा में लक्ष्मण भरत ,शत्रुघन, राजा दशरथ, श्री गणेश , शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, भारत माता,नाग नागिन, अघोरी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह आदि झांकियां शामिल रही है। शोभा यात्रा श्री बूढ़ा शिव मंदिर से आरंभ होकर कई डीजे व बैंड बाजों के साथ मैन बाजार, मौहल्ला जाटान, मवाना मार्ग, अंबेडकर मार्ग, मोहल्ला सेनियान, मोहल्ला पढ़ाव पट्टी, मौहल्ला कपाड़ियान, होली चौक मन्दवाड़ी रोड़ होते हुए बूढ़ा शिव मंदिर के परिसर में समापन किया गया। इस दौरान रामलीला कमेटी के प्रधान शरद चौधरी, उपप्रधान धीरज चौधरी, वरुण भारद्वाज, मनोज जाटव, सचिन चौधरी, योगेश धीमान, हरिओम बिश्नोई, भोपाल चौधरी, अजय शर्मा,अश्वनी बिश्नोई, कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश चौधरी, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष सचिन गुप्ता, छात्र नेता अश्वनी चौधरी, नरेंद्र खटीक, रमेश धीमान, माअरूण बिश्नोई, विकास पाल बजरंगी, अमित चौधरी, कंवरपाल, चौधरी जितेंद्र, चीकू चौधरी आदि मौजूद रहे। शोभा यात्रा में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इस दौरान थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज रामप्रकाश सिंह मय फोर्स के साथ शोभा यात्रा में उपस्थित रहे।



# जायो कौशल्या ने लल्ला अयोध्या में हल्ला सो मच गयो

**कोसीकलां।** रामलीला संस्थान के तत्वावधान में रविवार को देवताओं द्वारा विष्णु भगवान से प्रार्थना करते, अग्नि देव राजा दशरथ को चरू दान करते हुए, विष्णु भगवान कौशल्या जी को चतुर्भुज रूप में दर्शन देते हुए, राजा दशरथ जी का दरबार की मनमोहक सवारी ग्यालाल स्मृति भवन से निकाली गई। सवारी का मुख्य अतिथि अशोक गर्ग, रिपुंज गर्ग, हरिओम गुप्ता ने आरती उतारकर शुभारंभ किया। सवारी सब्जी मंडी, मैन बाजार होते हुए भरत मिलाप चौक, तालाब शाही स्थित रामलीला ग्राउंड पहुंची। रामलीला मैदान में कौशल्या हरण एवं श्रीराम जन्मोत्सव लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने किया। चेयरमैन ने कहा कि भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर मनुष्य को अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। भगवान राम ने मर्यादा में रहकर मनुष्य को संदेश दिया है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेसी बोले बाढ़ पीड़ितों को उनके हाल पर अकेला छोड़ा

**मथुरा।** कांग्रेस ने मथुरा में जिला प्रशासन पर बाढ पीडितों की मदद न करने का आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सेठवाड़ा स्थित जिला कार्यालय सेठवाड़ा पर साप्ताहिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने पार्टी द्वारा विगत दिनों किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा रखी। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने शासन प्रशासन पर बाढ पीड़ितों की सहायता न किए जाने आरोप लगाया। मथुरा जनपद में आई बाढ़ से किसानो की फसल पूरी तरह से बर्बाद एवं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है उन्हें भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्णय हुआ कि बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए कि जल्द ही रूपरेखा बनाकर प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह सपंन्न

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए 583 डिग्रियां व 26 मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 26 पदक व स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी में छात्र-छात्राओं को कुल 583 उपा. धियां प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं को पुस्तके भेंट की। कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद की 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान की गई, जिसमें 05 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को मंच पर राज्यपाल द्वारा किट प्रदान की गई। दसवीं की छात्रा मानसी चौहान के उद्बोधन तथा प्राथमिक विद्यालय की 03 दीक्षोत्सव की प्रतियोगी छात्राओं को उपहार प्रदान किये गये। हार्टफुलनेस संस्था एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं औद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुये राज्यपाल ने सभी को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह पर हार्दिक बधाई व शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है। उन्होने अपने व्यक्तव्य की शुरूआत भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुये प्रारम्भ की। उन्होंने कहा कि किसानो के प्रति लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का समर्पण अनुपम रहा। देश की एकता, अखंडता और समरसता के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढाने के लिए ड्रोन दीदी पहल का शुभारंभ किया। आज महिलाएं ड्रोन दीदी बनकर कृषि क्षेत्र में नई पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि हर जगह महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। सरकार लगातार महिलाओ को स्वस्थ्य, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओ से आह्वान किया कि आप अपने ज्ञान का सदुपयोग देश हित में करेंगे तो इस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना नीति या योजना से ही नहीं बल्कि आपके जैसे ऊर्जावान और प्रतिभाशाली युवाओं के संकल्प से साकार होगा। आज हमारा देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है। भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग कर एक नई क्रांति की शुरूआत की है। प्रौद्योगिकी का उपयोग न केवल उत्पादन बढ़ाने का साधन है बल्कि यह उपलब्ध संसाधनों का सही से उपयोग कर लागत कम करने और पर्यावरण की रक्षा कर सतत् खेती को प्रोत्साहित करने का प्रभावी उपाय भी है। जैविक प्रौद्योगिकी से उन्नत बीज तैयार किये जा रहे है। कस्टम हॉयर सेंटर के माध्यम से किसान नई कृषि मशीनो को किराये पर लेकर उनका उपयोग कर सकते है जिससे उनकी लागत घटती है और उत्पादन बढता है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के थार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें महिलाओ की जांच हेतु स्वास्थ्य कैम्पो का आयोजन किया जा रहा है। नारी शक्ति और उसका स्वास्थ्य राष्ट्र की प्रगति का आधार है। नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं है बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति भी है। महिलाएं स्वस्थ होगी तो परिवार स्वस्थ होगा, परिवार स्वस्थ होगा तो राष्ट्र स्वस्थ होगा। पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता एक सशक्त समाज का निर्माण करते है।




उन्होंने बताया कि कृषि को उन्नत बनाने के लिए तथा हर परिवार तक सरकार की योजनाओ का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित कृषि अभियान 03 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर 2025 तक चलाया जायेगा। सभी विश्वविद्यालय, सभी अध्यापक, सभी महिलाएं, सभी स्टूडेंट इसमें भाग अवश्य लें तथा टीम को गठित करते हुये गांव-गांव जाना है और वहां जाकर योजनाओ की जानकारी देनी है, जिससे कि आम किसान जनमानस जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सके। एआई पर प्राथमिक विद्यालय की छात्रा द्वारा दिये गये उद्बोधन पर अपने विचार साझा करते हुये राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशिलय इंटेलीजेंसी का उपयोग कर किसान, आमजनमानस लाभ प्राप्त कर सकते है परंतु इसका ठीक से उपयोग करने की समझ का होना बहुत जरूरी है। एआई आधारित उपकरण गुणवत्ता सुधार इत्यादि से किसानो को लाभ होगा यह सब जानकारी भी किसानो तक पहुंचाये।

विशिष्ट अतिथि मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उ.प्र. सूर्य प्रताप शाही ने दीक्षांत समारोह में उपा. धि तथा पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्रों से अपेक्षा कि है कि विकसित भारत के साथ विकसित कृषि के संकल्प को पूरा करने में आप सबका महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हमारे सामने रखा है। प्रदेश विगत आठ वर्षो में खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हमें देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होने कहा कि आज टेक्नोलोजी का जमाना है, टेक्नोलोजी का उपयोग करके कृषि क्षेत्र को और विकसित करना है। कुलपति प्रो. के.के. सिंह ने दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यकमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा, शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया। दीक्षांत समारोह के उपरांत राज्यपाल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। राज्यपाल द्वारा बिन्दुवार समीक्षा करते हुये कहा गया कि विद्यालय परिसर का परिसर साफ-स्वच्छ और सुरक्षित तथा ड्रग्स एवं नशामुक्त होना अनिवार्य है। इन बिन्दुओं पर समग्रता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर खेल विश्वविद्यालय के कुलपति, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह, वित्त नियंत्रक, निदेशक प्रसार डॉ. पी. के. सिंह सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के डीन/प्रोफेसर अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राएं व अभिभावकगण, प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं, आंगनबाडी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ‘थैंक्स-ए-डॉट’ पहल के जरिये स्तन कैंसर जागरूकता को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट की व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव लाने के लिए करते हुए, भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बीसीसीआई ने मिलकर ‘थैंक्स-ए-डॉट’ पहल के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। इस पहल के तहत, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में खास गुलाबी जर्सी पहनी, जिस पर ‘थैंक्स-ए-डॉट’ का लोगो बना हुआ था। इस पहल ने दिखाया कि खेल की एकजुट करने वाली शक्ति का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने, स्तन की स्वयं-जांच और शीघ्र पहचान के महत्व के बारे में बातचीत को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है, जो स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### अमेरिका ने चार में से तीन रिले खिताब जीते

**टोक्यो, वार्ता।** रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने चार में से तीन रिले स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्प्रिंट शक्ति का परिचय दिया। बोत्सवाना ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में दिन का सबसे बड़ा आश्चर्य किया, 2 मिनट 57:76 सेकंड का समय लेकर अमेरिकियों को केवल 0:07 सेकंड से पीछे छोड़ दिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोत्सवाना की बुसांग कोलेन केबिनातशिपी ने कहा कि मौसम की वजह से मुझे सबसे रणनीतिक चरण में दौड़ना पड़ा। मुझे सबसे पहले फिनिश लाइन पार करने की खुशी है। मैं दो स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटने के लिए बहुत आभारी हूँ।

# बीसीसीआई अध्यक्ष की दौड़ में आगे मिथुन



● **28 सितम्बर को होगा आधिकारिक ऐलान, 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं**

**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं।

बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे।

बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। मन्हास, जो अक्टूबर में 46 वर्ष के हो जाएंगे, जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ के संचालन के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त उप-समिति का हिस्सा हैं। जम्मू में जन्मे मन्हास 2015 में दिल्ली से जम्मू और कश्मीर चले गए थे और उसके अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो गए। तब से उन्होंने विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में काम किया है, जिसमें बांग्लादेश पुरुष अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के साथ-साथ आईपीएल टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के लिए भी काम किया है। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जहां उन्होंने 9714 रन बनाए( 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन बनाए( और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि मन्हास का नाम शनिवार को दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सामने आया, जिसमें बीसीसीआई के कुछ प्रमुख पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल हुए, जिनमें वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, शुक्ला, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और पूर्व बोर्ड सचिव निरंजन शाह शामिल थे। विभिन्न पदाधिकारियों के लिए चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में होने वाले हैं। हालांकि, रविवार के अंत तक नए नामांकन दाखिल नहीं किए जाते, तो दिल्ली बैठक में चर्चा किए गए नामों के अंतिम होने की उम्मीद है। माना जा रहा है

### मिथुन मन्हास को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए जेके क्रिकेट संघ ने दी शुभकामनाएं

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ और जम्मू-कश्मीर के पूर्व रणजी ट्रॉफी कप्तान अश्विनी गुप्ता ने मिथुन मन्हास के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के सदस्य प्रशासन, ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने ‘यूनीवार्ता’ से कहा कि मैंने मिथुन मन्हास के बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किए जाने खबर सुनी है। अगर ऐसा होता है तो यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी खबर होगी। वह बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जेकेसीए के नामित सदस्य हैं। अगर हममें से कोई बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाता है, तो हमारे लिए इससे बड़ी खबर और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से कहूं तो, वह इस पद के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं क्योंकि एक उत्कृष्ट क्रिकेटर होने के अलावा उन्हें प्रशासन का भी अच्छा अनुभव है क्योंकि वह जेकेसीए के क्रिकेट संचालन और विकास सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। इस भूमिका में उनका योगदान अद्वितीय है और यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के उत्थान और राष्ट्रीय स्तर पर जेकेसीए के खिलाड़ियों की संख्या को

## भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई साइक्लिंग परिसंघ ने भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) को एक ईमेल लिखकर भारत के मेजबानी अधिकारों की पुष्टि की है।

भारतीय साइक्लिंग महासंघ ने रविवार को घोषणा की कि भारत को 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। महासंघ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई है और उसे इसकी मेजबानी मिल गई है। यह घटनाक्रम गुरुवार को एशियाई साइक्लिंग महासंघ की एक समिति की बैठक के बाद सामने आया है। एसीसी अध्यक्ष अमरजीत सिंह गिल ने सीएफआई को भेजे एक ईमेल में लिखा कि 18 सितम्बर 2025 को हुई एसीसी प्रबंधन समिति की बैठक में हुई चर्चा के बाद, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल बोली के परिणामस्वरूप, भारतीय साइक्लिंग महासंघ को आगामी 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार प्रदान किए गए हैं।

# हाथ मिलाना पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला: वेंकटेश प्रसाद



● **कहा: भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है, दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है**

**हुबली, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने आज कहा कि हाथ मिलाना या मैदान पर अन्य शिष्टाचार जैसे फैसले पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला है और समकालीन क्रिकेट में पाक पर भारत की स्पष्ट बढ़त की व्यापक वास्तविकता को इससे प्रभावित नहीं होना चाहिए।

दुबई में चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले से पहले यहां पत्रकारों से बात करते हुए, प्रसाद ने हाथ मिलाने और मैदान पर इशारों को लेकर हाल ही में चल रही बहस पर बात की। उन्होंने कहा कि कोई टीम हाथ मिलाना चाहती है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका फैसला है। अगर कोई ईमानदारी से खेल रहा है, तो आप खेल भावना के अनुरूप खेलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ये आंतरिक फैसले हैं, और मैं बाहर से इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। प्रसाद ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के बदलते संदर्भ पर विचार किया और कहा कि इस तरह के इशारे, प्रतीकात्मक होते हुए भी, टीमों के बीच व्यापक मतभेदों की तुलना में मामूली हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है। दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय खिलाड़ी अब खेल के हर पहलू में पूरी स्पष्टता के साथ काम करते हैं। उन्होंने मौजूदा भारतीय टीम के आत्मविश्वास और तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास हर पहलू में स्पष्टता है।

# भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराया



● **पुरुष अंडर-19 टीम ने पहले यूथ वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये। लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30-3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिए। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा।

किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुए।



# सात्विक-चिराग को रजत से करना पड़ा संतोष

● **सात्विक-चिराग को विश्व नंबर-1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले मुकाबले हारे**

**निंगबो, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 में रजत पदक से संतोष करना पड़ा

सात्विक-चिराग को विश्व नंबर 1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले कड़े फाइनल में 21-19, 21-15 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सात्विकऔर चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वे अपने प्रदर्शन को फाइनल में नहीं दोहरा पाए। यह सात्विक-चिराग की चाइना मास्टर्स के फाइनल में दूसरी उपस्थिति थी। इससे पहले वे टूर्नामेंट के 2023 संस्करण में भी उपविजेता रहे थे। इससे पहले, उन्होंने पेरिस में अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक भी

# भारत एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर में कुवैत से हारा

**नई दिल्ली/कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में मेजबान कुवैत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अर्दिया के कुशैन अल-मुतैरी हॉल में शनिवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम को कुवैत के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा एआईएफएफ ने अपने बयान में कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत: मेजबान कुवैत के खिलाफ शनिवार को कुशैन अल-मुतैरी हॉल में एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। हाफ-टाइम तक कुवैत के पास 2-1 की मामूली बढ़त के साथ खेल रही थीं। बयान में कहा गया कि यह एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर्स में भारत की दूसरी उपस्थिति थी और 135वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पता था कि उनका सामना कुवैत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। अनुभव और रैंकिंग में अंतर के बावजूद, ईरानी मुख्य कोच रेजा कोर्डी के मार्गदर्शन में भारत ने सराहनीय धैर्य और सामरिक परिपक्वता दिखाई। नौवें मिनट में भारत को सफलता उस समय मिली जब लालसंगकिमा ने कुवैत की रक्षापंक्ति को भेदते हुए एक तेज गेंद डाली और डेविड लालटलानसांगा ने उसे पकड़कर गोलकीपर फवाद अल खवारी को छकाते हुए एक जबरदस्त गोल दागा। इस गोल ने घरेलू दर्शकों को चौंका दिया और भारत को एक अच्छी बढ़त दिला दी। यह लालटलानसांगा का आठवा अंतर्राष्ट्रीय गोल था, वह पुरुष फुटसल में भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन

# नूर और मुजीब को डिमेरिट अंक मिले

● **नूर को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन का आरोप लगा**



**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर को आर्टिकल 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फ़ैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2-2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने` संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिए से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फ़ैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सज़ा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। अफ़ग़ानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया।

# दुबई में दम दिखाएगी रियल कबड्डी लीग

● **भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय कबड्डी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) दिसंबर 2025 में दुबई में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय संस्करण के साथ इतिहास रचने को तैयार है। भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व-स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी। शुभम चौधरी द्वारा स्थापित आरकेएल, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक सशक्त मिशन है। लीग के एम्बेसडर, युवा आइकन रणविजय सिंह और कबड्डी दिग्गज राहुल चौधरी इस स्वदेशी खेल को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि कबड्डी में वैश्विक खेल बनने की पूरी क्षमता है, और हम इसे दुबई में साकार करेंगे। वहीं, चौधरी ने उत्साह जताते हुए कहा कि यह लीग युवा प्रतिभाओं को चमकने का मौका देगी और कबड्डी को गांवों से वैश्विक मंच तक ले जाएगी। लीग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरक्षकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। शिवसेना-एनडीए के राष्ट्रीय समन्वयक डा. अभिषेक वर्मा ने कहा, ष्कबड्डी भारत की संस्कृति और टीम वर्क का प्रतीक है। आरकेएल के माध्यम से हम इसे विश्व मंच पर ले जा

# विश्वास था हम कहीं से भी जीत सकते हैं: मंधाना



### स्मृति मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली में हुए तीसरे वनडे में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ने बेथ मूनी के शानदार शतक की मदद से भारत को 413 रनों का विशाल लक्ष्य दिया, तब शायद बहुत कम लोगों ने ही सोचा होगा कि भारतीय टीम इस स्कोर के इतने करीब जाएगी और जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन ड्रेसिंग रूम में यह विश्वास शुरू से था, जिसकी मदद से भारतीय टीम एक समय मैच जीतने की कगार पर लग रही थी और उन्होंने आखिर तक ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त टक्कर दी। 63 गेंदों में 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 125 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि टीम में शुरू से यह विश्वास था कि वे लक्ष्य के पीछे जाएंगे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा कि पारी के ब्रेक के दौरान हमारी यही बातचीत थी कि विकेट सपाट है और आउटफ़ील्ड बहुत तेज है, इसलिए हम लक्ष्य तक जा सकते हैं। हमारे पास भी बल्ला है और हम भी यहां पर क्रिकेट ही खेलने आए हैं। आप लोगों (गेंदबाज़ों) ने अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदें डालीं और उन्हें रोकने की कोशिश की। हम भी अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे और उन रनों को हासिल करने की कोशिश करेंगे। टीम में विश्वास हमेशा से बहुत ऊपर था। हम ये 413 रन का लक्ष्य वाकई में हासिल करना चाहते थे क्योंकि यह टीम का कैरेक्टर दिखाता। हालांकि बीच में कुछ विकेटें गिरी। मैं फुलटॉस पर आउट हुई, ऋचा (घोष) को दुर्भाग्यशाली ढंग से रनआउट होना पड़ा और कुछ चीज़ें हमारे पास पक्ष में नहीं गईं। लेकिन मुझे इस टीम पर पूरा गर्व है। जिस तरह से सभी ने इस पूरे सीरीज के दौरान प्रदर्शन किया, वह टीम का कैरेक्टर दिखाता है। ऑस्ट्रेलिया के 412 रनों के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय 20 ओवरों में दो विकेट के नुक़सान पर 206 रन था। भारतीय उपकप्तान और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच 69 गेंदों में 121 रनों की साझेदारी हो चुकी थी और टीम का रन रेट 10 से ऊपर का था। लेकिन 21वें ओवर में हरमनप्रीत का विकेट गिरा और अगले ओवर में मंधाना भी पवेलियन में थीं। मंधाना के आउट होने के बाद भारतीय टीम के विकेट लगातार गिरते रहे और लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में शायद आगे टक्कर नहीं दे पाए। लेकिन फिर दीप्ति शर्मा ने स्नेह राणा के साथ मोर्चा संभाला और आठवें विकेट के लिए 54 गेंदों में 65 रनों की साझेदारी कर भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ़ 11 बल्कि टीम के सभी 15 खिलाड़ी मैच विनर हैं। मुझे नहीं लगता कि टीम का कोई खिलाड़ी मुझ पर या किसी और पर कोई दबाव डाल रहा है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हो, तो कोई दबाव नहीं होता है। यह हमारा कर्तव्य होता है। और दूसरी बात, मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है कि हम किसी भी समय मैच को जीत सकते हैं। पिछले 12 महीनों में हमने लगातार 300 या उसके ऊपर का स्कोर बनाया है और प्रतिका (रावल), हरलीन (देओल), जेमिमा (रॉड्रिग्स), हरमन (हरमनप्रीत सिंह) सबने शतक लगाया है। इसलिए यह टीम किसी एक पर निर्भर नहीं है। मंधाना ने इस मैच में सिर्फ़ 50 गेंदों में शतक बनाया और भारत की तरफ़ से सबसे तेज वनडे शतक (पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर) वाली बल्लेबाज बनीं। यह महिला

# सम्पादकीय

सोमवार, 22 सितम्बर 2025

## ट्रम्प का दोहरा चरित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, जिससे एच-1बी वीजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो गया है। अब से कोई भी शख्स अमेरिका जाने की खातिर इस वीजा के लिए आवेदन करेगा तो उसके नियोक्ता को प्रोसे. सिंग के लिए 1 लाख डॉलर यानी करीब रुपये 83 लाख शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए है और केवल सबसे कुशल विद. ेशी कामगार ही अमेरिका आएंगे। ट्रंप के जिस फैसले को अमेरिकियों के हित में बताया जा रहा है उसका सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि यह वीजा धारकों में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। हाल के वर्षों में 71.73 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले हैं, जबकि चीन का हिस्सा लगभग 11.12 प्रतिशत है। 2024 में ही भारत को 2 लाख से ज्यादा एच-1बी मिले। अनुमान है कि अगर सिर्फ 60,000 भारतीयों पर तुरंत असर पड़ता है तो सालाना भार 6 बिलियन डॉलर रुपये 53,000 करोड़ तक होगा। मध्यम स्तर के इंजीनियर, जो अमेरिका में सालाना 1.2 लाख डॉलर कमाते हैं, उनके लिए यह शुल्क उनकी आय का लगभग 80 प्रतिशत निगल जाएगा। छात्रों और रिसर्चरों के लिए भी यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल जैसी भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय से एच-1बी वीजा पर अमेरिकी प्रोजेक्ट चलाती रही हैं, लेकिन नया शुल्क मॉडल अब उन्हें ऐसा करना बेहद महंगा बना देगा। कई कंपनियां काम को वापस भारत या कनाडा-मेक्सिको जैसे नजदीकी केंद्रों में शिफ्ट करने पर मजबूर होंगी। इस पर खासतौर से सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार को केवल आवेदन की लागत वसूलने की अनुमति दी है न कि इतनी बड़ी रकम थोपने की। ऐसे में यह आदेश अदालत में चुनौती का सामना कर सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार रहे और आव्रजन नीति पर एशियाई-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने एच1-बी शुल्क बढ़ाने संबंधी ट्रंप की नई योजना से अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पर संकट मंडराने की चेतावनी दी। टैरिफ को लेकर पहले से ही जारी टेंशन के बीच भारत-अमेरिका के राजनीतिक रिश्तों पर भी इसका असर पड़ सकता है। भारत सरकार इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर जरूर उठाएगी क्योंकि लाखों भारतीय प्रभावित होंगे। ट्रंप अपने मतदाताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भारत के साथ साझेदारी और टेक्नोलॉजी सहयोग पर इसका निगेटिव असर हो सकता है। अब 85,000 वार्षिक एच-1बी कोटा (65,000 सामान्य, 20,000 उच्च डिग्री धारकों के लिए) पर यह शुल्क लागू होगा। छोटी कंपनियां और नए स्नातक पीछे हट सकते हैं। नियोक्ता केवल उच्च वेतन वाले विशेषज्ञों को स्पॉन्सर करेंगे, जिससे अवसर और भी सीमित हो जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की इनोवेशन क्षमता पर टैक्स लगाने जैसा है और इससे ग्लोबल टैलेंट अमेरिका आने से कतराएगा।

### अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहन -सहन, कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा, तो विदेशी सामानों पर निर्भर है, आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन के ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं, चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं, तो अब स्वदेशी- स्वदेशी चिल्ला रहे हैं, हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप, क्या है स्वदेशी, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है, गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया, तब उसके बाद भारत का चीन से व्यापार 39 लाख करोड़ का है, तो इनके मुंह से स्वदेशी शब्द ही नहीं निकलना चाहिए, अगर कोई भाजपाई स्वदेशी शब्द बोले, तो उसके मुंह में, तो छाला पड़ जाना चाहिए।

-संजय सिंह, सांसद, आम आदमी पार्टी

## क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा!






पवन सिंह

क्या अभी भी आप सच नहीं देख पा रहे हैं? धर्म और जाति के पागलपन का एनेस्थीसिया क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है? क्या आपको अभी भी नहीं लगता है कि समूचे देश को एक भयावह भंवर जाल में फंसा दिया गया है? क्या अभी भी आप ईमानदारी से एक सवाल तक नहीं कर सकते हैं? किसी सत्ता की स्वामिभक्ति ने क्या आपको इतना नीचे गिरा दिया है कि अब जब देश का सम्मान और उसकी सुरक्षा तक प्रभावित होने लगी है, तब भी आप कीर्तन-भजन गा रहे हैं? कितने बहाने और स्पष्टीकरण देंगे? तय आपको करना है कि आप बतौर एक हिन्दुस्तानी देश के साथ हैं या किसी सत्ता के साथ? मौजूदा समय में यह देश एक गंभीर खतरे में है लेकिन आप देखना व समझना नहीं चाहते हैं।

H-1B वीजा का अमेरिकी खेल, पाक और सऊदी अरब के साथ समझौता और बांग्लादेश में अमेरिकी फौज की इंट्री। जो औसत दर्जे का भी समझदार नागरिक होगा और जिसे थोड़ी सी भी अपने देश को लेकर किसी कोने में मोहब्बत होगी, वह कम से कम अब तो समझ ही चुका होगा कि हमारी क्या हालत हो चुकी है। H-1B वीजा के लिए जो फीस डेढ़ हजार डॉलर थी वह अब सीधे 1 लाख डालर कर दी गई है। भारतीय रुपया जो अब लगभग मरणासन्न स्थिति में और 87-88 के आसपास टहल रहा है उसके हिसाब से इस वीजा के लिए अब लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। ट्रंप सरकार के इस फरमान से अमेजन, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, गुगल के बाद भारतीय कंपनियों जैसे-इनफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और टेक महेंद्रा जैसी कंपनियों में अफरातफरी मच चुकी है। अचानक लागू हुए इस नियम ने भारतीय एयरपोर्टों पर त्योहार के लिए आए लाखों प्रोफेशनल युवाओं को लौटती फ्लाइट से वापस अमेरिका भागने पर मजबूर कर दिया है। अब अमेरिकी और भारतीय कंपनियां अपने किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए शायद तैयार नहीं हैं, चूंकि ट्रंप का यह फैसला 21 सितंबर, 2025 से लागू हो रहा है ऐसे में जो जैसे आया था वह वैसे ही वापस लौट रहा है। हालात तो यह है कि लोग एयरपोर्ट पर उतरे और एयरपोर्ट के बाहर खड़े अपने मां-बाप-भाई-बहन तक से न मिल पाए। वापस जाती फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया। हालात दुखद हैं लेकिन बतौर एक देश हम सब फंस चुके हैं। आपको बता दें कि हमारे आप जैसे भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे जो देश के तमाम इंस्टीट्यूट में एक सपना लेकर पढ़ रहे हैं, उनके सामने एक गहरी निराशा है। वर्ष, 2015 से हर साल अमेरिका द्वारा जितने भी H-1B आवेदन मंजूर किए जाते रहे हैं उसमें से करीब 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन भारतीयों के होते हैं। ऐसी स्थिति में आगे क्या होगा, यह सोचना ही भयावह है। ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वह अमेरिकी मीडिया ने प्रकाशित किया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष, 2000 से वर्ष, 2019 के मध्य अमेरिका में विदेशी STEM यानी साइंस, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व मैथ प्रोफेशनल्स की संख्या जो कि 12 लाख हुआ करती थी वह 25 लाख हो गई। बकौल ट्रंप, IT कंपनियों ने H-1B वीजा सिस्टम में हेर-फेर किया है। H-1B वीजा प्रोग्राम के तहत IT प्रोफेशनल्स का पिछले पांच सालों में बढ़कर 65 प्रतिशत से ज्यादा हो गया हो। आंकड़ों को देखें तो वर्ष, 2022, अक्टूबर से वर्ष, 2023, सितम्बर के बीच, H-1B के तहत जारी, करीब 4 लाख वीजा में से 72 प्रतिशत वीजा केवल भारतीयों को मिले। यहां यह भी बता दूं कि अमेरिका में भारत की चार बड़ी IT कंपनियों ने जबरदस्त पैर जमा रखें हैं इनमें इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल व विप्रो में ही कार्यरत 20 हजार लोगों को नौकरी मिली, मतलब H-1B वीजा की मंजूरी मिली। इसके दो बड़े नुकसान होंगे, पहला-यह कि अमेरिका में भारतीय प्रोफेशनल्स कम हो जाएंगे और परिणामस्वरूप भारतीय आईटी कंपनियों को अमेरिकी कॉन्ट्रेक्ट भी कम मिलेंगे। फिलहाल ताजा-ताजा यह हुआ है कि दीपावली की लंबी छुट्टी में तमाम भारतीय शादियों के लिए भी आते थे, वह सब कैंसिल हो चुकी हैं। बंगलौर, हैदराबाद , चेन्नई और अहमदाबाद आदि शहरों के वेडिंग प्लेसेज के कैंसिलेशन कि खबर मीडिया पर आएगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। हालांकि, यह उम्मीद करना बेकार है। हां! H-1B में जो बदलाव हुए हैं, उसके लाभ जरूर मीडिया गिनवाएगा। इसी बीच एक और बड़ी घटना हुई है और वह है पाक-सऊदी रक्षा समझौता। विगत 11 सालों में हम कूटनीतिक मोर्चे पर ऐसा पिटे हैं कि पड़ोस का नेपाल भी साथ नहीं है। सऊदी अरब अब खुलकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य मदद कर सकता है। पाकिस्तान व सऊदी अरब के साझा रक्षा समझौते के अनुसार अब यदि कोई देश पाक या सऊदी पर हमला करता है तो उसे साझा हमला यानी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। गले मिलने और गले पड़ने व फोटो सेशन व शूटिंग-शर्टिंग में कब हम सब कुछ अंतराष्ट्रीय स्तर पर खोते चले गए, पता ही नहीं चला। बिकाऊ पत्रकारों की भांडगिरी ने कहीं का नहीं छोड़ा है। पाकिस्तान कूटनीतिक मोर्चे पर देखते ही देखते फर्राटा भर रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी रियाद यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद ऐसा कोई स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट करने वाले हैं, इसकी कानों-कान भारत को खबर तक न लगी। लगती भी कैसे। निर्वाचन आयोग से लेकर सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंदने के अभियान पर जो ध्यान है। पाकिस्तान ने एक झटके में मुस्लिम देशों के बीच अपनी छवि को पुख्ता कर डाला। उसने साऊदी अरब के साथ अपने परमाणु हथियारों को ठेके पर देने की डील कर डाली और इशारा कर दिया कि मुस्लिम ब्रदरहुड की छतरी के नीचे उसके परमाणु हथियार उन्हें सुरक्षा देंगे। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की एक बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया आई हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए वचनबद्ध हैं और इस पर अध्ययन कर रहे हैं।ष एक सवाल जेहन में आता है कि यदि अब भारत पाकिस्तान के खिलाफ अगर कोई सैन्य आपरेशन करता है तो साऊदी अरब की प्रतिक्रिया क्या होगी? यहां यह बता दूं कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर हमला किया तो चीन व तुर्की ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की। वह अलग बात है कि हम उसी चीन के पाले में खड़े होकर दांत चियार रहे हैं। पाकिस्तान के पीछे चीन खुलकर खड़ा है और सऊदी अरब के पीछे अमेरिका खड़ा है। अमेरिकी-भारत रिश्ते कहां खड़े हैं, यह सामने है। रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटा) ने तमाम भारतीय मीडियाकर्मियों से कहा कि साऊदी-पाक का यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना है, यह सालों से चली आ रही बातचीत का नतीजा है और यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है जब गाजा संकट के बीच इजरायल ने कतर पर हमला किया है। इस समझौते में चीनी, रूसी खेल भी हो सकता है। उधर रूस का भी पाकिस्तान के प्रति झुकाव, भारतीय संदर्भों में हमारी कूटनीति की शवयात्रा निकाली चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी तख्तापलट हुआ और इधर खबर तक न लगी उस पर ताजा खबर यह है कि बांग्लादेश में अमेरिकी फौज उतर चुकी है। हमारी हालत यह है कि हम पर अब न अमेरिका को भरोसा रहा न रूस को और चीन तो शातिर है ही। पड़ोसी नेपाल, लंका, बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव। कोई भी साथ नहीं। सब के सब चीन की ओर मुखातिब हो चुके हैं। फोटोग्राफी सेशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, लाइट, कैमरा, एक्शन, बाबाओं के आश्रमों की भीड़ और मीडिया का कीर्तन-भजन। एन-केन सत्ता पर पकड़। बस इससे ज्यादा फाग हमारे यहां नहीं चल रहा है। हालत निबरे की जोइया सबकी सरहज वाली है। यानी गरीब की पत्नी से हर आदमी मजाक कर लेता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## गुलाब दिवस: कैंसर योद्धाओं का संघर्ष

**कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं।**



योगेश कुमार गोयल

22 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब रोज की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने यह 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिए उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौंसला दे गई। 22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं। कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



विनीत नारायण

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है।



अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमे. रिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट यह निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनी. तिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं। भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी मेक इन इंडिया और प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए जैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है।

जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐतिहासिक मोड़: तीन और देशों की फलस्तीन को मिली मान्यता

## कहा: फैसले से इजरायल के गाजा में अवैध कब्जे खत्म करने और शांति लाने में मदद मिलेगी

**भारत-चीन समेत अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को दे चुके हैं देश की मान्यता**



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को ऐलान किया कि ब्रिटेन ने फलस्तीन को एक आजाद देश के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इसके साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने की घोषणा की।

ब्रिटेन का कहना है कि यह कदम इजरायल के अवैध कब्जे को खत्म करने और शांति लाने में मदद करेगा। इसके तहत एक नई फलस्तीनी सरकार इजरायल के साथ मिलकर काम करेगी। इसमें हमास का कोई प्रभाव नहीं होगा। भारत-चीन अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को देश की मान्यता दे चुके हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह फैसला इजरायल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। टू स्टेट सॉल्यूशन इजरायल और फलस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष को सुलझाने का एक प्रस्तावित तरीका है। इस के तहत, इजरायल और फलस्तीन दोनों को अलग-अलग, स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी जाएगी। स्टार्मर ने पहले कहा था कहा है कि फलस्तीन को मान्यता देना किसी भी तरह से हमास की जीत नहीं है। उनका कहना है कि भविष्य में फलस्तीन के शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। स्टार्मर ने जुलाई में कहा था कि ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता तभी देगा, जब इजरायल और हमास के बीच सीजफायर हो, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाए, इजरायल पश्चिमी तट पर कब्जे से पीछे हटे और शांति प्रक्रिया के लिए तैयार हो। यानी ऐसा समाधान हो जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों अलग-अलग देशों के रूप में साथ रह सकें। लेकिन जुलाई के बाद हालात और बिगड़े हैं, खासकर कतर पर हमले के बाद। ऐसे में अब सीजफायर की संभावना और कम हो गई है। ब्रिटिश पीएम यह फैसला ऐसे समय में ले रहे हैं, जब अमेरिका के कई राजनेता ब्रिटेन पर ऐसा न करने का दबाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ इजरायल की सुरक्षा पर असर पड़ेगा, बल्कि गाजा में हमास के कब्जे में बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों की स्थिति भी और कठिन हो जाएगी।

## अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहा: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिए नासा के साथ करार है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र ने कहा कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पाएगा। चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। समाचार पत्र से बात करने वाले नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिए कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में हुए तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है।



प्रयागराज। नवरात्रि उत्सव से पहले एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन तैयार करता हुआ।

## इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कार्यकर्ता ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक नागरिक कार पर इज़रायली हवाई हमले में शनिवार को एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता मारा गया। लेबनानी अधिकारियों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इज़रायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खरदाली-मरजायून सड़क पर एक कार को निशाना बनाया, जिसमें काफ़र किला गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लेबनान सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित हसन शाहरूर नाम का एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता था।

# H-1B वीजा: डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

## व्यापार संगठन ने कहा: कर्मचारियों, उनके परिवारों व कंपनियों पर इस कदम का पड़ेगा असर





**जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी चैंबर ऑफ कामर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा।

कृउसने बताया कि वह ट्रम्प प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की को. शिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डालर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितम्बर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लाटरी चक्र से लागू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में छत गिरने से सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को एक निजी अकादमी की छत गिरने से पांच बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के हाफिजाबाद जिले में हुई, जिले के पुलिस प्रमुख आतिफ़ नज़ीर कादर ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अकादमी चलाने वाली महिला और उसका बेटा भी शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। मलबे से सात शव बरामद किए गए, जबकि कई घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिलीपींस में सैनिकों के हाथों दो विद्रोही मारे गए

**मनीला।** फिलीपींस के मध्यवर्ती भाग में शनिवार को सैनिकों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना ने बताया कि कैपिज प्रांत के टापाज शहर में एक सैन्य अभियान के दौरान सुबह 7:45 बजे न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के सात कथित सदस्यों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो विद्रो. ही मारे गए। इस मुठभेड़ में हालांकि सेना का कोई भी सदस्य जख्मी नहीं हुआ। सेना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनपीए 1969 से ही सरकार के खिलाफ लगातार विद्रोह कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हालांकि एनपीए के सदस्यों की संख्या लगातार घट रही है।

### हेग में दंगों में 30 लोग गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी घायल

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुए दो पुलिसकर्मियों के मामले में कम से कम 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। शहर के मेयर, पुलिस प्रमुख और अभियोजक ने इसकी जानकारी दी है। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए।

## गाजा में इजरायली हमले जारी, मारे गए 60 फलस्तीनी

**इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया**

**येरुशलम।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।

इसी बीच, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी। इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितम्बर की शुरुआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गई और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं। वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इजरायली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं।

## ट्रम्प ने बगराम एयरबेस पर नियंत्रण को लेकर अफगान को धमकाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस को संयुक्त राज्य अमे. रिका को वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने की खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग



**फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने की बात दोहराई**

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रोक दिया। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि उन्होंने सात बड़े युद्धों को समाप्त कराया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रम्प ने शनिवार को अमेरि. कन कार्नरस्टोन इंस्टीटयूट फाउंडर डिनर में कहा कि दुनिया में अमेरिका को अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिल रहा है। हम शांति समझौते कर रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोके हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रुकवाया। सोचिए भारत और पाकिस्तान के बारे में। मैंने उनसे कहा कि अगर वे लड़ाई करेंगे तो हम उनके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उनके पास परमाणु हथियार हैं और अगर वे व्यापार चाहते हैं, तो उन्हें शांति बनाए रखनी होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हो गया। बता दें कि ट्रम्प लगभग 20 से ज्यादा मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत ने शुरुआत से स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच आपसी बातचीत के बाद संघर्ष रोका गया है और इसमें किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस दौरान उन देशों की सूची भी गिनाई, जहां उन्होंने युद्ध रोकने का दावा किया। इसमें भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसा. वो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो हमने ये सभी युद्ध रोके। इनमें से 60 प्रतिशत युद्ध हमने केवल व्यापार के जरिये रोके।

## चीन में कोरोना की खबर दिखाने वाली पत्रकार को फिर चार साल की जेल

**बीजिंग।** चीनी पत्रकार झांग झान को वुहान में कोविड-19 की शुरुआती हालात की खबरें दिखाने के लिए फिर से 4 साल की जेल की सजा दी गई है। यह जानकारी प्रेस की आजादी के लिए काम करने वाले संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स (आरएसएफ) ने दी। 42 साल की झांग झान को 'लड़ाई-झगड़ा करने और परेशानी पैदा करने' के आरोप में सजा मिली। 2020 में इसी आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब उन्होंने वुहान में कोरोना वायरस के फैलने की खबरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले थे। आरएसएफ की अधिकारी अलेक्सांद्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा-झांग झान को दुनिया भर में सम्मान मिलना चाहिए, न कि जेल में कठिन हालात झेलने चाहिए। उनकी मुश्किलें खत्म होनी चाहिए। दुनिया के देशों को चीन पर दबाव डालकर उन्हें तुरंत रिहा करवाना चाहिए। झांग को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था, तब उन्होंने वुहान के भरे हुए अस्पतालों और खाली सड़कों की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



ॐ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा जी की स्तुति।
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता॥
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। ॐ

शारदीय नवरात्र महोत्सव
श्री माँ दुर्गा महोत्सव-2025
शुभारम्भ- दिनांक 22 सितम्बर 2025, समापन- 30 सितम्बर 2025
स्थान : श्री वासुदेव तीर्थस्थल, अमरोहा (उ.प्र.)

शैलपुत्री
दिनांक 22 सितम्बर 2025 सोमवार प्रथम नवरात्र
प्रातः काल 9 बजे कलश स्थापना व ज्योति प्रज्जवलन
प्रातः काल 10:06 बजे मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक,
हवन रात्रि 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि भजन आगन्तुक
श्री मेघराज जागरण पार्टी के कलाकार माँ का गुणगान करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

ब्रह्मचारिणी
दिनांक 23 सितम्बर 2025 मंगलवार द्वितीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री राहुल कुमार जागण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियां
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

चन्द्रघंटा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 बुधवार तृतीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री जय दक्ष प्रजापति एण्ड पार्टी, अमरोहा
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

कुष्मांडका
दिनांक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार चतुर्थ नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री मधुर श्याम संकीर्तन मण्डल पार्टी
द्वारा रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे व झांकियां,
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

स्कन्दमाता
दिनांक 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार पंचम नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री लवीन गुप्ता एण्ड पार्टी, बुलन्दशहर
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

दुर्गाषष्ठी पूजन
दिनांक 27 सितम्बर 2025 शनिवार षष्ठी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री अग्रवाल जागरण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महासप्तमी पूजन
प्राण प्रतिष्ठा/ सरस्वति आह्वान
दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री सुमित शर्मा जागरण पार्टी, गजरौला
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महा अष्टमी पूजन
दिनांक 29 सितम्बर 2025 सोमवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, बलिदान पूजन 7:06 से 7:30 बजे रात्रि,
श्री रोहित महाकाल झांकी आर्ट ग्रुप, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से झांकियाँ, जलरास, फूलों की होली
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

नवमी पूजन
दिनांक 30 सितम्बर 2025 मंगलवार नवमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
दूरदर्शन व Zee TV कलाकार, झांकी सम्राट
श्री सांवरिया एण्ड पार्टी, बदायूं
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 बुधवार, विजयदशमी पूजन
प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक कलश/मूर्ति विसर्जन
वासुदेव तीर्थ स्थित सरोवर में किया जायेगा।

सिन्दूर उत्सव
समन्वयक : विद्यानन्द झा पुजारी जी
पूजा प्रभारी- पं0 गौरी शंकर शर्मा, पं0 सार्थक शास्त्री (पौड़ी वाले), पं0 कुनाल शास्त्री (हरियाणा वाले)
संयोजक -अनिल जग्गा, प्रदीप रस्तौगी, सचिन शर्मा, राकेश कपूर, स्टेज प्रभारी- अनिल जग्गा, राहुल लड्डा
संचालक - दक्ष प्रजापति
प्रभारी प्रसाद वितरण- पं0 अजेन्द्र शुक्ला, रवि शारदा, नवनीत माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी, अर्चित लाठे, संकेत टन्डन, मनीष टन्डन, इं0 शुभम वर्मा
आयोजक : श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, अमरोहा